
दैनिक लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



कोई बना स्टैच्यू, किसी ने नंगे पैर की शिरकत

फिल्ममेकिंग करना चाहती हैं...

वर्ष : 12 | अंक : 135 | लखनऊ, 07 मई, गुरुवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### पवन खेड़ा ने हिमंत सरमा को 'दोस्त' कहा

नई दिल्ली। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा और हिमंत बिस्वा सरमा के बीच हाल में हुआ विवाद सुर्खियों में रहा है।



लेकिन, सुप्रीम कोर्ट से अग्रिम जमानत मिलने के बाद पवन खेड़ा जब पहली बार कांग्रेस के आधिकारिक प्रेस कांफ्रेंस में आए तो उनके सुर ही बदले हुए लग रहे थे। बिना नाम लिए असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा को अपना 'दोस्त' भी बताने की कोशिश की। पवन खेड़ा ने उन आरोपों पर भी सफाई देने की कोशिश की है कि असम में कांग्रेस के जो 19 उम्मीदवार जीते हैं, उनमें 18 मुसलमान ही क्यों हैं।

### महिला पुलिस कमिश्नर ने मनचलों को पकड़ा


अमरावती। महिलाओं की सुरक्षा को लेकर मल्काजगिरि पुलिस कमिश्नर बी. सुमति ने देर रात



करीब 2 बजे अकेले बस स्टॉप पर खड़ी रहीं और मनचलों को जाल में फंसाया। इस दौरान करीब 40 लोगों को हिरासत में लिया गया। दिलसुखनगर बस स्टॉप के आसपास हॉस्टल क्लस्टर होने के चलते रात में महिला यात्री अक्सर नशे में धुत लोगों का शिकार बनती थीं। सुमति ने देर रात से सुबह 3 बजे तक वे सामान्य महिला यात्री बनकर बस स्टॉप पर खड़ी रहीं और उनको अश्लील बातें कहने वाले 40 मनचलों को पकड़ा।

### इमारत में आग से बच्ची समेत 3 की मौत

भुवनेश्वर। ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में बुधवार तड़के एक रिहायशी इमारत में भीषण आग



लगने से एक बच्ची समेत तीन लोगों की मौत हो गई। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। दमकल विभाग की कई गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया और करीब 30 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। पुलिस के अनुसार, आग सुबह करीब 4 बजे लक्ष्मीसागर इलाके स्थित बसंती विला अपार्टमेंट की ग्राउंड फ्लोर पर लगी। देखते ही देखते आग और धुआं पूरे भवन में फैल गया।

## पश्चिम बंगाल में नई सरकार के गठन की तैयारियां शुरू

# 9 मई को भाजपा का भव्य समारोह, ब्रिगेड ग्राउंड में होगा आयोजन, दो दर्जन मंत्री भी लेंगे शपथ

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

पश्चिम बंगाल में नई सरकार के गठन को लेकर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सामिक भट्टाचार्य ने बुधवार को घोषणा की कि राज्य में नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 9 मई को आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम कोलकाता के प्रतिष्ठित ब्रिगेड परेड ग्राउंड में सुबह 10 बजे से शुरू होगा। इस मौके पर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं और वरिष्ठ नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, शपथ समारोह में प्रधानमंत्री, एनडीए व भाजपा के सभी मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री शामिल होंगे। दो दर्जन मंत्री भी शपथ लेंगे। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के लिए दो चरणों में वोटिंग के बाद 4 मई को मतों की गणना हुई। जिसमें सत्ता धारी दल तृणमूल कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड़ा। इस जीत के साथ ही राज्य में तृणमूल कांग्रेस के 15 साल लंबे शासन का अंत हो गया है। आंकड़ों की बात करें तो टीएमसी को मात्र 80 सीटें मिली हैं, जबकि पिछले चुनाव में पार्टी ने अकेले 215 सीटों हासिल की थी। जबकि भाजपा जिसे पिछले चुनाव में मात्र 77 सीटें मिली थी, उसने अच्छा प्रदर्शन करते हुए 207 सीटों पर कब्जा जमाया है। पार्टी सूत्रों ने कहा कि नवनिर्वाचित भाजपा विधायकों की बैठक 8 मई की शाम बुलाई गई है, हालांकि नेतृत्व मुख्यमंत्री पद के चेहरे को लेकर चुप्पी साधे हुए है।

पीएम सहित भाजपा के सभी सीएम होंगे शामिल

8 मई की शाम को विधायक दल की बैठक होगी



कोलकाता के ब्रिगेड ग्राउंड में जोर-शोर से आयोजन की तैयारियां हो रहीं

### रवींद्र जयंती से संदेश देने की कोशिश

शपथग्रहण समारोह बंगाली पंचांग के बैसाख महीने के 25वें दिन आयोजित किया जाएगा जिसे पूरे राज्य में रवींद्र जयंती के रूप में मनाया जाता है, जो रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती है। इससे कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रतीकात्मकता की झलक नजर आएगी। राजनीतिक हलकों में इस तारीख के चयन को भाजपा द्वारा बंगाल की सांस्कृतिक परिकल्पना में अपने ऐतिहासिक उदय को स्थापित करने और तृणमूल कांग्रेस द्वारा इसे बंगाल की भाषाई एवं बौद्धिक लोकाचार से अलग 'बाहरी लोगों की पार्टी' बताए जाने का मुकाबला करने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।

### ममता और अभिषेक के आवास से कम की सुरक्षा

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की करारी हार के बाद कोलकाता में सीएम ममता बेनर्जी के आवास के बाहर से सुरक्षा घेरे को कम कर दिया गया है। वहीं, ममता बेनर्जी के भतीजे अभिषेक बेनर्जी के घर के बाहर भी सुरक्षा कम कर दी गई है। इस बीच, कोलकाता के पुलिस आयुक्त (सीपी) अजय कुमार नंदा ने बताया कि वहां पुलिस कर्मियों की एक अतिरिक्त यूनिट तैनात थी।

### 9 मई के बाद निकालें विजय रैलियां: सुवेंदु



चुनाव में दो सीट भवानीपुर और नंदीग्राम पर जीत दर्ज करने वाले भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि वह 10 दिनों के भीतर इनमें से एक सीट से इस्तीफा दे देंगे। अधिकारी ने भवानीपुर सीट पर पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बेनर्जी को पराजित किया जबकि नंदीग्राम सीट पर लगातार तीसरी बार जीत हासिल की। उन्होंने कहा कि मैं 10 दिन के भीतर एक सीट खाली कर दूंगा। पार्टी तय करेगी कि मैं कौन सी सीट रखूंगा।

केंद्रीय मंत्री प्रधान का आरोप

### बंगाल में लोकतंत्र 'बंदूक के दम पर' चल रहा था



केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में लोकतंत्र 'बंदूक के दम पर' चल रहा है। उन्होंने सीएम ममता बेनर्जी पर चुनावी जनादेश की भावना को स्वीकार न करने का आरोप भी लगाया। प्रधान ने कहा कि जनादेश को 'जनता की आवाज' के बजाय 'अस्वीकार किए जा सकने वाले सुझाव' की तरह लिया जा रहा है, जिससे यह सवाल उठता है कि सत्ता को जिम्मेदारी माना जा रहा है या अधिकार।

### तानाशाही के खिलाफ लड़ना होगा: राउत



शिवसेना-यूबीटी नेता संजय राउत ने निवर्तमान सीएम ममता बेनर्जी के इस्तीफा न देने के फैसले का पुरजोर समर्थन किया है। राउत ने कहा कि ममता बनर्जी का यह कदम केंद्र सरकार और चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली के खिलाफ एक बड़ा विरोध प्रदर्शन है। उन्होंने कहा कि यह केवल सत्ता का मोह नहीं, बल्कि लोकतंत्र को बचाने की एक लड़ाई है। देश में केंद्र की तानाशाही और चुनाव आयोग के पक्षपाती व्यवहार के खिलाफ एकजुट होना अब अनिवार्य हो गया है। राउत ने आरोप लगाया कि वर्तमान में चुनाव आयोग पूरी तरह से केंद्र सरकार की गुलाम बन चुकी है।

राहुल का भाजपा पर तंज

### भाजपा का हर छठा सांसद और हरियाणा सरकार 'घुसपैठिया'



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कथित 'वोट चोरी' को लेकर बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा और दावा किया कि आज यदि निष्पक्ष तरीके से लोकसभा चुनाव हो जाएं तो भाजपा 140 सीटों से ज्यादा सीटें नहीं जीत सकती। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के हर छठे लोकसभा सदस्य ने वोट चोरी से जीत हासिल की है और भाजपा के शब्दों में कहें तो उसके 240 लोकसभा सदस्यों में से हर छठा सांसद और हरियाणा की उसकी पूरी सरकार 'घुसपैठिया' है। उन्होंने कहा कि जो संस्थाएं अपनी जेब में रखते हैं, जो मतदाता सूचियों और चुनावी प्रक्रिया को तोड़-मरोड़ देते हैं, वे ख़ुद 'रिमोट कंट्रोल वाले' हैं।

### सीएम का पद दावेदार कौन?

पश्चिम बंगाल में सीएम की बड़ी जीत के बाद नया सीएम कौन होगा, इस पर चर्चा तेज है। प्रबल दावेदारों में सुवेंदु अधिकारी हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य और महिला नेताओं में अग्निमित्रा पॉल और रूपा गांगुली के नाम भी दावेदारों के रूप में सामने आर रहे हैं।

## तमिलनाडु में आज शपथ ग्रहण पर संशय

# विजय के दावे से राज्यपाल संतुष्ट नहीं, विधानसभा भंग का ऐलान

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,



टीवीके प्रमुख विजय राज्यपाल आर्लेकर को दावे का पत्र सौंपते हुए

तमिलनाडु विधानसभा में सबसे बड़ी पार्टी बनने के बाद तमिलगा वेत्री कड़गम (टीवीके) के प्रमुख विजय ने आज लोकभवन में जाकर राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया। लेकिन लोकभवन के सूत्रों ने बताया कि राज्यपाल विजय के बहुमत वाले दावे से संतुष्ट नहीं है। इसी बीच 16वीं तमिलनाडु विधानसभा को 5 मई 2026 से भंग करने का निर्णय लिया गया। एआईएडीएमके ने टीवीके को समर्थन से इनकार किया है। बता दें, 234 सदस्यीय विधानसभा में बहुमत का आंकड़ा 118 का है। विजय की पार्टी ने 108 सीटों पर जीत दर्ज की है। ऐसे अब माना जा रहा है कि गुरुवार को होने वाली विजय की शपथ टल सकती है। हालांकि, कांग्रेस ने विजय की पार्टी को समर्थन देने का ऐलान किया है लेकिन उसके पास केवल 5 विधायक हैं। ऐसे में बहुमत के आंकड़े से विजय कम से कम 5 सीट दूर हैं।

सूत्रों ने बताया कि राज्यपाल विजय के शपथ ग्रहण को लेकर कानूनी सलाह ले रहे हैं। उधर, टीवीके राज्यपाल के के आमंत्रण का इंतजार कर रही है। विजय ने राज्यपाल आर्लेकर को एक पत्र सौंपकर देकर सरकार बनाने का न्योता मांगा और उन्हें भरोसा दिलाया कि पार्टी तय समय में सदन में अपनी बहुमत साबित कर देगी। टीवीके ने बताया कि इस विषय पर एक नया पत्र लिखा है और राज्यपाल से 7 मई को सुबह 11:30 बजे शपथ ग्रहण समारोह आयोजित करने का भी अनुरोध किया है।

### कांग्रेस ने पीठ में छुरा घोंपा: द्रमुक

*स्टालिन की द्रमुक ने अपने सबसे पुराने राष्ट्रीय सहयोगी कांग्रेस के इस अचानक पाला बदलने वाले कदम को 'पीठ में छुरा घोंपना' बताया। द्रमुक के प्रवक्ता सरवनन अन्नादुरई ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस पार्टी ने टीवीके के साथ गठबंधन करने और उन्हें अपना समर्थन देने का जो फैसला किया है, वह एक बहुत बड़ा धोखा है। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि कांग्रेस ने सिर्फ द्रमुक की ही नहीं, बल्कि पूरे तमिलनाडु की जनता की पीठ में भी छुरा घोंपा है। उन्होंने अपनी गहरी नाराजगी जताते हुए कहा कि कांग्रेस ने तमिलनाडु की जनता द्वारा दिए गए जनादेश का भी घोर अपमान किया है।*

### बहुमत से 5 सीट दूर

*विधानसभा चुनाव में टीवीके सबसे ज्यादा 108 सीटें, डीएमके को 59 और एआईएडीएमके को 47 सीटें मिली हैं। अन्य दलों में पीएमके को 4 और आईयूएमएल को 2 सीटें मिली हैं। सीपीआई, वीसीके और सीपीआईएम को भी 2-2 सीटों पर जीत मिली है। भाजपा, डीएमडीके और एएमएमके के खाते में 1-1 सीट आई है। बहुमत साबित करने और सरकार बनाने के लिए टीवीके को अब अन्य दलों की मदद लेनी होगी। एआईएडीएमके टीवीके को सरकार बनाने के लिए बिना शर्त समर्थन दे सकती है। इसके अलावा द्रमुक नेता कनिमोझी ने भी यह दावा किया है कि अन्नाद्रमुक के 21 विधायक टूटकर सीधे टीवीके में शामिल हो सकते हैं।*

## बिहार कैबिनेट विस्तार से पहले गरमाई सियासत

# जेडीयू ने मांगे 16 मंत्री पद, एनडीए सहयोगी 3 दलों ने भी आंखें तरेरी

अमन लेखनी समाचार/ पटना

बिहार में गुरुवार को होने वाले कैबिनेट विस्तार से पहले सियासत गरमा गई है। जनता दल (यूनाइटेड) की बिहार इकाई के अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने बुधवार को स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी सम्राट चौधरी सरकार में 16 मंत्री पदों की उम्मीद कर रही है। गुरुवार को होने वाले भव्य शपथ ग्रहण समारोह में पीएम नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के शामिल होने की संभावना है। उमेश कुशवाहा ने कहा कि हमने अपनी मंशा साफ कर दी है कि हमें कैबिनेट में 16 सीटें



चाहिए। संवैधानिक नियमों के अनुसार, बिहार कैबिनेट में अधिकतम 30 मंत्री हो सकते हैं (विधानसभा की कुल 243 सीटों का 15 प्रतिशत)। एनडीए गठबंधन में 3 और सहयोगी दलों लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा और राष्ट्रीय लोक मोर्चा को भी कैबिनेट में अधिक जगह मिलने की आशा जताई है।

## यूपी में मैजिक वाहन पलटा

# 8 लोगों को कुचलते हुए गुजर गया ट्रक, 4 की मौत, 3 के सिर गायब

अमन लेखनी समाचार/ बलिया

बलिया जिले के मांझी- छपरा मुख्य मार्ग पर इनई गांव के समीप असंतुलित मैजिक वाहन पलटने के बाद सामने से आ रही बेकाबू ट्रक ने आठ लोगों को कुचल दिया। घटनास्थल पर ही चार लोगों की मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप से जख्मी चार लोगों का छपरा सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है।

बुधवार तड़के मैजिक पर सवार होकर कुल 13 लोग छपरा के ब्रम्हपुर से बरात में डांस का कार्यक्रम कर बलिया के नरही स्थित लक्ष्मण पुर चट्टी लौट रहे थे।



लखनऊ निवासी आर्केस्ट्रा संचालक अशोक राम ने बताया कि सभी मृतक लखनऊ के निवासी हैं, जो ऑर्केस्ट्रा कार्यक्रम में आए थे। बताया कि हादसे के बाद मृतकों में से तीन शवों के सिर गायब थे। ट्रक सिर को कुचलते हुए गुजर गया। मृतकों की पहचान राहुल, अवधेश, प्रीति, सोनी के रूप में हुई।

## मुंबई–अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना में तेजी



### सभी 5 भारी पोर्टल बीम लॉन्च किए गए

*अहमदाबाद। इंजीनियरिंग के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के तौर पर, मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए मणिनगर में अहमदाबाद-वडोदरा रेलवे लाइन के ऊपर, सभी 5 प्रीकास्ट-प्रीस्ट्रेस्ड भारी पोर्टल बीम (गर्डर) को मात्र 22 दिनों के भीतर सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया गया है। लॉन्चिंग प्रक्रिया 8, 13, 19, 24 और 29 अप्रैल 2026 को पूर्व-नियोजित और चरणबद्ध क्रम में सफलतापूर्वक पूरी की गई। सबसे भारी बीम, जिसका वजन लगभग 1350 एमटी था, 8 अप्रैल 2026 को लॉन्च किया गया, जो परिचालन रेलवे लाइनों पर किए गए सबसे भारी लिफ्टों में से एक को चिह्नित करता है।*

## आम जनता की दूर हुई आशंका

# पेट्रोल-डीजल और घरेलू एलपीजी की कीमतों में नहीं होगी बढ़ोतरी

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

पेट्रोल-डीजल को लेकर राहत बड़ी खबर सामने आई है। घरेलू एलपीजी की कीमतों में कोई इजाफा नहीं किया गया है और न ही पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ेंगे। पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि एलपीजी की कीमतों में बढ़ोतरी के संबंध में, घरेलू इस्तेमाल वाले कुकिंग एलपीजी सिलिंडरों री कीमतों में कोई वृद्धि नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि हालिया संशोधन केवल कमर्शियल एलपीजी सिलिंडरों पर लागू होता है। इसके अलावा फ्यूल स्टेशनों पर पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भी कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है।

### 100% एलपीजी आपूर्ति के प्रयास जारी: सुजाता शर्मा



सुजाता शर्मा ने कहा कि पश्चिम एशिया संकट के कारण हमारे आयात पर असर पड़ा है, चाहे वह एलपीजी हो, कच्चा तेल हो या प्राकृतिक गैस। हालांकि, भारत सरकार घरेलू उपभोक्ताओं को खाना पकाने के लिए एलपीजी की 100 प्रतिशत घरेलू आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। साथ ही, कमर्शियल उपयोगकर्ताओं को भी 70 प्रतिशत तक आपूर्ति करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### विश्व में एलएनजी की कीमतें बढ़ी

आपूर्ति बाधाओं के कारण वैश्विक स्तर पर एलएनजी की कीमतें तीन साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई हैं। अप्रैल 2026 में स्पॉट एलएनजी की कीमतें 17 से 18 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू तक बढ़ गई हैं, जो पश्चिम एशिया संघर्ष से पहले 10 से 11 डॉलर के स्तर पर थीं। बीच में कीमतों ने 22 डॉलर का स्तर भी छुआ था। इस मूल्य वृद्धि और आपूर्ति में कमी का सीधा असर भारत की गैस खपत पर पड़ा है।

## पीएम मोदी 'आर्ट ऑफ लिविंग' के 45वें स्थापना दिवस समारोह को करेंगे संबोधित

# 182 देशों के प्रतिभागी आध्यात्मिक आंदोलन के साक्षी बनेंगे

अमन लेखनी समाचार/भोपाल

पीएम नरेंद्र मोदी 'आर्ट ऑफ लिविंग' की स्थापना के 45 वर्ष पूर्ण होने और इसके संस्थापक, गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर के 70वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर 10 मई को 'आर्ट ऑफ लिविंग' के अंतरराष्ट्रीय केंद्र, बेंगलुरु में आयोजित समारोह को संबोधित करेंगे। मानवीय एवं आध्यात्मिक आंदोलन के साढ़े चार दशक पूरे होने के अवसर पर आयोजित इस वैश्विक समागम में 182 से अधिक देशों के प्रतिभागी प्रत्यक्ष और ऑनलाइन माध्यम से सम्मिलित होंगे। यह आयोजन समाज के हर वर्ग राजनेताओं, सिविल सेवकों, किसानों, इंजीनियरों, गृहिणियों, मुख्य कार्यकारी अधिकारियों, छात्रों और वरिष्ठ नागरिकों को एक मंच पर लाएगा, जो गुरुदेव के दूरदर्शी नेतृत्व और संगठन के वैश्विक प्रभाव का एक अनूठा उत्सव होगा।

- ***कई गोलमेज चर्चा और शिखर सम्मलेन का आयोजन होगा***
- ***13 मई को गुरुदेव रविशंकर के उद्बोधन का सीधा प्रसारण भी***



पीएम मोदी और गुरुदेव रविशंकर — फाइल फोटो

### 'ध्यान मंदिर' कक्ष का उद्घाटन करेंगे पीएम

पीएम नरेंद्र मोदी परिसर में नव-निर्मित 'ध्यान मंदिर' एक विशेष ध्यान कक्ष का उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही, वे मानसिक स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, प्रकृति संरक्षण और सामाजिक परिवर्तन पर केंद्रित राष्ट्रव्यापी सेवा पहलों का भी शुभारंभ करेंगे। बता दें, वर्ष 1981 में गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर द्वारा स्थापित 'आर्ट ऑफ लिविंग' आज एक वैश्विक, स्वयंसेवक-आधारित मानवीय और शैक्षिक संगठन बन चुका है। 182 देशों में सक्रिय यह संस्था 'सुदर्शन क्रिया' जैसी परिवर्तनकारी श्वास तकनीकों और सतत विकास के क्षेत्र में अपनी अग्रणी ठोस पहलों के माध्यम से अब तक 100 करोड़ से अधिक जीवन को स्पर्श कर चुकी है।

### सांस्कृतिक महोत्सव का होगा आयोजन

*इस अवसर पर 182 देशों की विविध संस्कृतियों को प्रस्तुत करते हुए संगीत, नृत्य और कलात्मक अभिव्यक्तियों से सुसज्जित सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। नागरिक समाज में नैतिकता पर केंद्रित वैश्विक नेतृत्व संवाद और शिखर सम्मेलन का भी आयोजन होगा। 13 मई को गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर के मार्गदर्शन में 'विश्व शांति हेतु वैश्विक ध्यान' सभी के लिए निःशुल्क और विश्वभर में सीधा प्रसारित किया जाएगा। भारत के 450 से अधिक जिलों में कार्यरत अनसुने दैनिक नायकों को सम्मानित किया जाएगा। 25-26 मई को 'बंदी कल्याण और नैतिगत सुधार' पर विशेष गोलमेज चर्चा होगी*

### बिम्सटेक देशों के युवाओं का सम्मेलन

*भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के सहयोग से आयोजित 'बिम्सटेक युवा नेतृत्व आदान-प्रदान', जिसमें सभी सात बिम्सटेक देशों के युवा नेता 'आर्ट ऑफ लिविंग इंटरनेशनल सेंटर' में केंद्रित नेतृत्व प्रशिक्षण (लीडरशिप इमर्शन) हेतु एकत्र होंगे।*

# रूमी गेट के पास बनेगी पार्किंग

## रेजिडेंसी के पास प्लेसमेकिंग की गति धीमी, ठेकेदार पर डेढ़ लाख का जुर्माना

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। हुसैनाबाद में रूमी गेट के पास ट्रैफिक जाम का झाम खत्म होगा। इसके लिए एलडीए रूमी गेट के पास पार्किंग बनाएगा, जिसमें बसों के साथ ही लगभग 450 वाहन खड़े हो सकेंगे। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बुधवार को हेरिटेज जोन का निरीक्षण करके अधिकारियों को इस बाबत निर्देश दिये।

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि हुसैनाबाद में रूमी गेट के पास वाहनों की अवैध पार्किंग से लोगों को ट्रैफिक जाम की समस्या से जूझना पड़ता है। जिससे इमामबाड़ा, घंटा घर, रूमी दरवाजा समेत हेरिटेज जोन में घूमने के लिए आने वाले पर्यटकों को भी दिक्कत होती है। इसे ध्यान में रखते हुए क्षेत्र का सर्वे कराया गया था। जिसमें रूमी गेट के बगल में पार्किंग के लिए लगभग 9,000 वर्गमीटर भूमि चिन्हित की गयी है। उन्होंने बताया कि यहां 15 बसें, 150 चार पहिया वाहन व लगभग 300 दो पहिया वाहनों के लिए पार्किंग विकसित की जाएगी। इस पार्किंग को लगभग 03 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित किया जाएगा। पार्किंग में वाहनों के प्रवेश व निकासी के लिए रूमी गेट के बगल से 14 मीटर चौड़ा कॉरिडोर बनाया जाएगा। इसके अलावा पार्किंग से पैदल यात्रियों की निकासी के लिए, मुसाफिर खाना गेट से वैकल्पिक मार्ग दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त हुसैनाबाद स्थित फूड कोर्ट के पीछे निमार्णाधीन लाइब्रेरी के पास लगभग 700 वर्गमीटर क्षेत्रफल में पार्किंग विकसित की जाएगी। उन्होंने बताया कि हुसैनाबाद क्षेत्र में इन 02 स्थानों पर पार्किंग बनने से न सिर्फ क्षेत्र वासियों को ट्रैफिक जाम की समस्या से छुटकारा मिलेगा, बल्कि पर्यटकों को भी काफी सुविधा मिलेगी। एलडीए की ओर से रेजिडेंसी के पास प्लेस मेकिंग का कार्य कराया जा रहा है। निरीक्षण में कार्य की प्रगति धीमी मिलने पर उपाध्यक्ष ने कार्यदायी संस्था मेसर्स एफएन एंड को कंपनी पर डेढ़ लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। इसके बाद उन्होंने सूरज कुण्ड पार्क का निरीक्षण किया, जहां परिसर के पास अवैध झुग्गी-टीन शेड को हटाने के निर्देश दिये। साथ ही पार्क में तैनात कर्मचारियों की बायोमेट्रिक हाजिरी के लिए वहां मशीन लगाने के निर्देश दिये।

हुसैनाबाद में लजीज गली विकसित की गयी है। जिसमें 15 फूड कियॉस्क निर्मित किये गये हैं। वर्तमान में स्थल पर टॉयलेट ब्लॉक के निर्माण का कार्य चल रहा है। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि 15 दिन के अंदर समस्त कार्य पूर्ण कराकर इसी माह लजीज गली संचालित कर दी जाए। इससे स्थानीय कामगारों को रोजगार के साथ ही पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। उपाध्यक्ष ने नींबू पार्क का भी निरीक्षण किया। यहां प्राधिकरण द्वारा सौंदर्यीकरण व हॉर्टीकल्चर के विभिन्न कार्य कराये गये हैं। उन्होंने पार्क में स्थापित किये गये नये फाउंटेन को शीघ्र संचालित करने के निर्देश दिये। उपाध्यक्ष ने कहा कि पार्क में नींबू की अलग-अलग प्रजातियों के पौधे लगाये जाएं। इस मौके पर मुख्य अभियंता मानवेन्द्र सिंह, जोनल अधिकारी प्रभाकर सिंह, अधिशासी अभियंता मनोज सागर एवं नीरज कुमार, उद्यान अधिकारी एसके भारती समेत अन्य अधिकारी व अभियंता उपस्थित रहे।

## अब घर बैठे मिलेगी खतौनी की प्रमाणित प्रति

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने आम नागरिकों को बड़ी राहत देते हुए खतौनी की प्रमाणित नकल प्राप्त करने की प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन कर दिया है। अब लोगों को इस कार्य के लिए तहसील या कचहरी के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। वे घर बैठे ही कुछ आसान चरणों में प्रमाणित प्रति प्राप्त कर सकेंगे। राजस्व विभाग की इस नई डिजिटल व्यवस्था के तहत विभाग के आधिकारिक पोर्टल पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। पोर्टल पर लॉगिन करने के बाद ह्यखतौनी की नकल विकल्प का चयन करना होगा। इसके बाद जनपद, तहसील और गांव की जानकारी भरकर संबंधित गाटा संख्या चुननी होगी। निर्धारित शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करते ही खतौनी की प्रमाणित प्रति तुरंत डाउनलोड के लिए उपलब्ध हो जाएगी। यह सेवा 24 घंटे संचालित है, जिससे नागरिक अपनी सुविधा के अनुसार कभी भी इसका लाभ उठा सकते हैं। इस प्रक्रिया में यूपीआई सहित विभिन्न डिजिटल भुगतान माध्यमों का उपयोग किया जा सकता है, जिससे भुगतान भी तेज और सरल हो गया है।

# अमीनाबाद पार्किंग में अवैध खड़ी मिली गाड़ियां, रेहड़ियां जब्त करेगा नगर निगम

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण को ध्यान में रखते हुए महापौर सुषमा खर्कवाल ने बुधवार सुबह 07 बजे नगर आयुक्त गौरव कुमार के साथ जोन-1 क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान शहर की साफ-सफाई, रोड स्वीपिंग, पार्किंग व्यवस्था एवं विकास कार्यों का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान इन्दिरा भवन के सामने साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बालाकदर रोड स्थित ओल्ड एलडीए ऑफिस के पास अवैध रूप से खड़ी क्रेनों को लेकर महापौर ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित वाहनों को तत्काल कब्जे में लेने के निर्देश दिए। साथ ही जोनल अधिकारी को प्रत्येक वाहन पर 25-25 हजार रुपये का जुर्माना लगाने के आदेश भी दिए गए। महापौर एवं नगर आयुक्त ने अमीनाबाद मार्केट क्षेत्र का निरीक्षण कर साफ-सफाई एवं रोड स्वीपिंग व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों को नाइट स्वीपिंग व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं नियमित बनाने के निर्देश दिए गए, ताकि बाजार क्षेत्र में स्वच्छता बनी रहे और नागरिकों को बेहतर वातावरण मिल सके।

निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर समय से कूड़ा उठान न होने की शिकायत मिलने पर नगर आयुक्त गौरव कुमार ने कार्यदाई संस्था लखनऊ स्वच्छता अभियान पर 01 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। नगर आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सफाई व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। महापौर एवं नगर आयुक्त ने अमीनाबाद स्थित मल्टी लेवल पार्किंग का भी निरीक्षण किया। इस दौरान पार्किंग में अवैध रूप से खड़े वाहनों को लेकर महापौर ने सख्त नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने जोनल अधिकारी को निर्देश दिए कि ऐसे वाहनों की सूची तैयार कर पुलिस विभाग को भेजी जाए, जिससे उनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। इसके साथ ही पार्किंग परिसर में अवैध रूप से खड़ी रेहड़ियों को तत्काल जब्त करने के निर्देश भी दिए गए, ताकि पार्किंग व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित हो सके।

# शादी का झांसा देकर छह साल तक शोषण, विरोध पर मारपीट व असलहा दिखाकर धमकी

**आपत्तिजनक वीडियो बनाकर करता रहा ब्लैकमेल, कई बार कराया गर्भपात**

**असलहा लगाकर मोबाइल छीना, वीडियो डिलीट**

अमन लेखनी समाचार




लखनऊ। मलिहाबाद क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने भुलभुलाखेड़ा निवासी दो युवकों पर गंभीर आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी। पीड़िता के अनुसार, भुलभुलाखेड़ा निवासी सौरभ यादव पिछले करीब छह वर्षों से शादी का झांसा देकर उसका यौन शोषण करता रहा। इस दौरान आरोपी ने आपत्तिजनक वीडियो भी बना लिया और उसी के आधार पर लगातार ब्लैकमेल करता रहा। युवती का आरोप है कि इस दौरान कई बार उसका गर्भपात भी कराया गया। पीड़िता ने बताया कि 3 मई की रात को वह बाजार से घर लौट रही थी। तभी सौरभ के भाई शनि ने उसे जबरन बाइक पर बैठा लिया और अपनी मां से बात कराने के बहाने घर ले गया। वहां कमरे में बंद कर गाली-गलौज करते हुए मारपीट की गई। कुछ देर बाद सौरभ भी मौके पर पहुंच गया और दोनों ने मिलकर युवती के साथ लात-घूंसों से मारपीट की। आरोप है कि शनि ने उसकी गर्दन पर असलहा लगाकर मोबाइल छीन लिया और उसमें मौजूद फोटो व वीडियो जबरन डिलीट कर दिए। मारपीट में युवती को गर्दन समेत शरीर के कई हिस्सों में चोटें आई हैं। इस संबंध में मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी है।

# दहेज प्रताड़ना का आरोप, इलाज के दौरान विवाहिता की मौत

**चार साल पहले हुई थी शादी, परिजनों ने पति व ससुराल पक्ष पर लगाया लापरवाही का आरोप**

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के लोधई गांव की रहने वाली 24 वर्षीय विवाहिता ममता की बुधवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद मायके पक्ष में कोहराम मच गया। परिजनों ने पति समेत ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना और इलाज में लापरवाही का गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। मृतका की मां विमला, निवासी थाना अतरौली जनपद हरदोई, ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी ममता की शादी करीब चार वर्ष पहले रहीमाबाद के लोधई निवासी सुमित के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति सुमित और उसके परिजन दहेज की मांग को लेकर ममता को प्रताड़ित करते थे। परिजनों के अनुसार, ममता पिछले करीब तीन माह से बीमार चल रही थी, जिसका इलाज लखनऊ के एक निजी अस्पताल में कराया जा रहा था। आरोप है कि पति द्वारा सही तरीके से इलाज न कराए जाने के कारण उसकी हालत बिगड़ती गई और अंततः बुधवार को उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस संबंध में रहीमाबाद इंस्पेक्टर रहीमाबाद अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

## जालसाजों ने केवाईसी अपडेट का झांसा देकर लाखों की ऑनलाइन करी ठगी

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। गाजीपुर जिले के दिलदार नगर स्थित कुशी निवासी उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल मुख्यालय में आरक्षी चालक पद पर तैनात अशरफ खाँ को बीते दिनों जालसाजों ने केवाईसी अपडेट का झांसा देकर लाखों की ऑनलाइन ठगी कर ली। जानकारी होने के बाद पीड़ित ने सरोजनी नगर थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अशरफ खां के मुताबिक उन्होंने एक्सिस बैंक और बैंक ऑफ बड़ौदा बैंक के दो क्रेडिट कार्ड ले रखे हैं। उनका कहना है कि 22 अप्रैल 2026 को अज्ञात जालसाजों ने केवाईसी अपडेट कराने का झांसा देकर उनके एक्सिस बैंक और बैंक ऑफ बड़ौदा के क्रेडिट कार्ड से कुल 1,44,440.61 रुपये की ठगी कर ली। जिसमें एक्सिस बैंक कार्ड से 1,23,874.21 रुपये और बैंक ऑफ बड़ौदा कार्ड से 20,566.40 रुपये की अवैध निकासी की गई। पीड़ित का कहना है कि इसकी जानकारी होने के बाद उसने 30 अप्रैल 2026 को साइबर क्राइम सेल में इसकी शिकायत दर्ज कराई।

## वृंदावन में सूने मकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। पीजीआई थाना क्षेत्र के वृंदावन योजना में चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए जेवर व नकदी पार कर दी। घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। सेक्टर 11इ/61 निवासी सुयश पाण्डेय (29) के अनुसार वह 3 अप्रैल को उत्तराखंड गए थे और घर बंद था। 5 मई को लौटने पर देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है और अंदर सामान बिखरा पड़ा है। पीड़ित ने बताया कि अज्ञात चोर घर से एक मंगलसूत्र, एक जोड़ी टॉप्स और करीब 40 हजार रुपये नकद चोरी कर ले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया। पीजीआई पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से स्थानीय लोगों में दहशत है।

## गाली गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप,रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र के कुरौनी निवासी सुदेश रावत ने थाना क्षेत्र के ही निवाजी खेड़ा में रहने वाले अमन, आकाश और विकास के अलावा 15 अन्य अज्ञात के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सुदेश रावत के मुताबिक वह 5 मई 2026 की रात करीब 9 बजे निवाजीखेड़ा गांव जा रहा था। इसी दौरान वहां मौजूद अमन, आकाश व अन्य करीब 15 लोगों ने उसे रोक लिया और गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हमला कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि हमलावरों ने उसके सिर पर लोहे की रॉड से वार करने के साथ बाएं पैर पर भी लोहे की रॉड और डंडे से हमला कर चोटिल कर दिया। बाद में पीड़ित ने किसी तरह पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। फिलहाल पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# ससुरलीजनों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न और घरेलू हिंसा की रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार


सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर के शांति नगर निवासी विवाहिता शिप्रा विश्वास ने उत्तराखंड के हरिद्वार में रुड़की पटवारी स्थित मतलब पुर निवासी पति गोविंद विश्वास, सास ममता देवी, जेठ कृष्णा विश्वास और जेठानी डाली विश्वास के खिलाफ दहेज उत्पीड़न और घरेलू हिंसा की रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिप्रा विश्वास के मुताबिक उसका विवाह 1 मई 2023 को गोविन्द विश्वास से हुआ था। आरोप है कि विवाह के कुछ समय बाद ही पति ने कारोबार के नाम पर पांच लाख रुपये की मांग शुरू कर दी। किसी तरह परिजनों ने करीब दो लाख रुपये नकद दे दिए, लेकिन इसके बावजूद प्रताड़ना का सिलसिला जारी रहा। पीड़िता का कहना है कि वर्ष 2024 में पुत्री के जन्म के बाद ससुराल पक्ष का व्यवहार और अधिक क्रूर हो गया। पति, सास, जेठ व जेठानी द्वारा शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न किया जाता रहा। आरोप है कि सास उसे चिमटे से रोटी बनाने नहीं देती थी और हाथ से रोटी सेकने को मजबूर करती थी, जिससे उसके हाथ जल जाते थे। पीड़िता का कहना है कि 8 जुलाई 2025 को मामूली विवाद के बाद सास, पति, जेठ और जेठानी ने मिलकर उसके साथ मारपीट की। पति ने हाथ मरोड़ दिया और गला दबाने का प्रयास किया, जबकि अन्य ने थप्पड़ और बेलन से हमला किया। मारपीट के बाद उसे सीढ़ियों से धक्का दे दिया। घटना के बाद पीड़िता ने अपने मायके वालों को को सूचना दी, जिसके बाद पहुंचे मायके वाले उसे वापस लखनऊ ले आए। इसके बाद परेशान पीड़िता ने इसकी तहरीर हजरतगंज स्थित महिला थाने में दी। जिसके बाद सरोजनी नगर पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# तुष्टिकरण की राजनीति को जनता ने नकारा, देश विकास और राष्ट्रवाद के साथ खड़ा है – डॉ. राजेश्वर सिंह

**हिंदुओं की आस्था की कीमत पर वोट बैंक की राजनीति अब स्वीकार नहीं – डॉ. राजेश्वर सिंह**

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि भारतीय राजनीति में तुष्टिकरण की राजनीति का अंत अब स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है और इसी कारण समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की घबराहट जनता के सामने उजागर हो रही है। उन्होंने कहा कि देश की जनता अब जातिवाद, परिवारवाद, तुष्टिकरण, घुसपैठियों को संरक्षण देने वाली राजनीति तथा अपराधियों के महिमामंडन को स्वीकार करने वाली नहीं है। डॉ. सिंह ने कहा कि पश्चिम बंगाल में तुष्टिकरण के मॉडल की विफलता ने यह सिद्ध कर दिया है कि वोट बैंक की राजनीति के लिए हिंदुओं की आस्था को कुचलने वाली सोच को जनता ने नकार दिया है। उन्होंने कहा कि बंगाल में दुर्गा पूजा पंडालों पर रोक, सड़कों पर नमाज की राजनीति को बढ़ावा, रोहिंग्या एवं घुसपैठियों को संरक्षण तथा जनसांख्यिकी बदलकर चुनावी लाभ लेने के




प्रयासों के खिलाफ जनता ने स्पष्ट संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि आज देश की जनता 'मुख्तार अंसारी और अतीक अहमद जैसे गुंडों वाली फातिहा पॉलिटिक्सह्व को पूरी तरह अस्वीकार कर चुकी है। देश और प्रदेश की जनता विकास, सुरक्षा, राष्ट्रवाद तथा अपनी संस्कृति और सनातन पर गर्व करने वाली राजनीति चाहती है, न कि हिंदुओं की कीमत पर होने वाला तुष्टिकरण। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि करोड़ों हिंदुओं के आराध्य प्रभु श्रीराम मंदिर और सनातन आस्था से जुड़े विषयों को जनता भूली नहीं है। उन्होंने कहा कि जनता यह भी याद रखती है कि किस प्रकार हिंदू देवी-देवताओं का उपहास किया गया और आस्था का मजाक उड़ाया गया। इसी कारण अब विपक्ष अपनी राजनीतिक जमीन खिसकती देखकर संवैधानिक संस्थाओं और अधिकारियों पर प्रश्न उठाने लगा है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता ही सर्वोच्च होती है। कोई भी नेता अधिकारियों के दम पर चुनाव नहीं लड़ता। यदि ऐसा होता तो देश में कोई भी सरकार कभी चुनाव नहीं हारती। चुनाव जनता जिताती है और जनता ही हराती है।

डॉ. सिंह ने कहा कि देश की जनता का संदेश स्पष्ट है –

'हिंदुओं की आस्था की कीमत पर तुष्टिकरण की राजनीति अब स्वीकार नहीं की जाएगी।'

## पीजीआई क्षेत्र में दो जगह मारपीट, महिलाओं से अभद्रता; पुलिस ने दर्ज किए मुकदमे

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। पीजीआई थाना क्षेत्र में मारपीट की दो अलग-अलग घटनाओं में पुलिस ने मामले दर्ज किए हैं। दोनों मामलों में जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है। पहला मामला वृंदावन योजना निवासी निवेदिता भारती पत्नी दिलीप कुमार से संबंधित है। उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 3 मई को उनके पड़ोस में रहने वाले अतुल कुमार वर्मा और उनकी पत्नी रुचि ने उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट की। निवेदिता के अनुसार, अतुल कुमार वर्मा ने उन्हें लातों से मारा, जिससे उनके चेहरे, माथे, पेट और हाथ पर चोटें आईं। रुचि ने उनके बाल पकड़कर गिरा दिया, जिसके बाद अतुल ने उन्हें फिर बुरी तरह पीटा। झगड़े का कारण यह था कि निवेदिता ने अतुल के बेटे को अपने घर के सामने सड़क पर फुटबॉल खेलने से मना किया था। निवेदिता ने यह भी बताया कि अतुल कुमार वर्मा के पिता पन्ना लाल ने भी उन्हें अपशब्द कहे। घटना के समय वह घर पर अकेली थीं, क्योंकि उनके पति अपनी बीमार माताजी को देखने राजाजीपुरम गए थे। निवेदिता ने पड़ोसी पन्ना लाल वर्मा, अतुल कुमार वर्मा और रुचि से अपनी सुरक्षा को लेकर भय व्यक्त किया है। मारपीट की दूसरी घटना वृंदावन योजना निवासी बेबी यादव से जुड़ी है। उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 30 अप्रैल को रात 11:15 बजे चार लड़के उनके घर में घुस आए। बेबी यादव के अनुसार, आयुष रावत, कृष्णा रावत, रूबी रावत, परी और रिधिमा रावत जबरन उनके घर में घुसकर गाली-गलौज करने लगे और मारपीट की। इस दौरान उन्हें काफी चोटें आईं और उनके कपड़े फाड़ दिए गए। मारपीट के बाद उनकी चेन और पैसे भी गायब मिले हैं। पुलिस ने दोनों मामलों में संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया है और आगे की जांच पड़ताल जारी है।

# चोरों ने बंद मकान का ताला तोड़कर गहने और घरेलू सामान पर हाथ किया साफ

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में बीते दिनों चोरों ने बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपये के गहने और घरेलू सामान पर हाथ साफ कर दिया। घटना की जानकारी होने पर पीड़ित ने सरोजनी नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सरोजनी नगर के गौरी स्थित वसुधा स्टेट कानपुर रोड निवासी सुनीता देवी के मुताबिक 27 अप्रैल को अपने घर में ताला बंद कर फतेहपुर जिले के जहानाबाद थाना अंतर्गत नोनारा गांव स्थित अपनी भतीजी की 29 अप्रैल को होने वाली शादी समारोह में शामिल होने गई थी। तभी 2 मई की रात करीब 2 बजे चोरों ने उनके प्लॉट नंबर 44 स्थित घर का ताला तोड़ दिया। 3 मई को दोपहर में पड़ोसियों ने घर का ताला टूटा देख उन्हें इसकी सूचना दी। पीड़िता का कहना है कि घटना की जानकारी होने के बाद वापस लौटकर देखा तो घर के सभी ताले टूटे होने के साथ अंदर अलमारी में रखी सोने की चेन, अंगूठी, मंगलसूत्र, चांदी की पायल, 8600 रुपये, मिक्सी, गैस चूल्हा, एलसीडी और मोबाइल उपकरण सहित अन्य सामान गायब मिला। पीड़िता का कहना है कि मकान के ऊपरी हिस्से में किराए पर रहने वाली महिला उपनिरीक्षक प्रतिमा देवी भी उस दिन बाहर गई थी। जिसके चलते उनके कमरे का ताला भी टूटा होने के साथ सारा सामान अस्त-व्यस्त मिला।फिलहाल पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

# भारी पुलिस बल के साथ एसीपी ने किया बंथरा गांव का किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) कृष्णानगर रजनीश वर्मा ने बुधवार को बंथरा थाना क्षेत्र के अम्बेडकर नगर गाँव में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर सघन भ्रमण किया। इस दौरान उनके साथ बंथरा प्रभारी निरीक्षक राणा राजेश सिंह सहित पुलिस फोर्स मौजूद रहा। भ्रमण के दौरान एसीपी ने ग्रामवासियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। वहीं ग्रामीणों ने क्षेत्र से जुड़े विभिन्न मुद्दों को एसीपी के सामने रखा। जिस पर एसीपी ने आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। साथ ही एसीपी ने सुरक्षा से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी। एसीपी और बंथरा प्रभारी निरीक्षक ने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए कहा कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि का पता चलते ही वह इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें। जिससे कि समय रहते कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि आमजन का सहयोग ही बेहतर कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस अवसर पर एसीपी ने क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की स्थिति का भी जायजा लिया और मौजूद पुलिस फोर्स को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह सतर्क और प्रतिबद्ध है।

# पुण्य स्मृति में उमड़ा जनसैलाब, समाजसेवा की मिसाल रहे बागेश्वर द्विवेदी को भावभीनी श्रद्धांजलि

अमन लेखनी समाचार



निगोहा। बाबा जयगुरुदेव के अनुयाई एवं क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी स्वर्गीय बागेश्वर द्विवेदी की पांचवीं पुण्यतिथि पर निगोहा क्षेत्र के मस्तीपुर गांव में भावपूर्ण वातावरण के बीच विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूरा क्षेत्र श्रद्धा, भक्ति और सेवा भाव में सराबोर नजर आया।कार्यक्रम का आयोजन समाजसेवी नागेश्वर द्विवेदी, जगदीश द्विवेदी, मनोज द्विवेदी, जयशंकर एवं विजयशंकर द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। सुबह से ही श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लगा रहा। क्षेत्रीय ग्रामीणों के साथ-साथ किसान, व्यापारी, सामाजिक कार्यकर्ता और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने पहुंचकर स्वर्गीय बागेश्वर द्विवेदी को पुष्प अर्पित कर नमन किया।पुण्यतिथि में आए सम्मानित लोगों ने अपने संबोधन में बागेश्वर द्विवेदी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए कहा कि उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज सेवा के लिए समर्पित कर दिया था। वे सदैव जरूरतमंदों के साथ खड़े रहते थे और बिना किसी भेदभाव के लोगों की मदद करना उनकी पहचान थी। उनके द्वारा किए गए कार्य आज भी लोगों के दिलों में जीवित हैं।पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। खास बात यह रही कि हाईवे से गुजर रहे राहगीर भी इस पुण्य आयोजन से प्रभावित होकर रुक गए और प्रसाद ग्रहण कर श्रद्धा व्यक्त की। पूरे कार्यक्रम के दौरान भक्ति गीतों और श्रद्धा के माहौल ने सभी को भावुक कर दिया कार्यक्रम ने न केवल एक महान समाजसेवी को याद करने का अवसर दिया बल्कि समाज में सेवा सहयोग और मानवीय मूल्यों को आगे बढ़ाने का संदेश भी दिया।

## संक्षेप

### डंपर ने बाइक सवार छात्र को मारी टक्कर हालत गंभीर

**अमन लेखनी समाचार**

सफीपुर, उन्नाव। मियागंज मार्ग पर बुधवार शाम एक तेज रफ्तार डंपर ने कोचिंग जा रहे छात्र की बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में 16 वर्षीय छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। यह घटना सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के पास हुई। घायल छात्र की पहचान कस्बा सफीपुर के मोहल्ला धोबियाना निवासी संतोष कुमार के पुत्र विमल के रूप में हुई है। विमल बुधवार को शाम करीब साढ़े तीन बजे अपनी बाइक से कोचिंग के लिए निकला था। वह अपने साथियों को लेने के लिए सफीपुर-मियागंज मार्ग पर स्थित गांव मोही खेड़ा गया था। वहां से वापस कोचिंग लौटते समय मियागंज की ओर से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद विमल गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत उसे सफीपुर सीएचसी में भर्ती कराया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर फरीद अहमद ने विमल की गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### पीएम आवास योजना में आवंटित आवासों की जांच की मांग

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवंटित आवासों को लेकर अब जांच की मांग तेज हो गई है। नगर पालिका परिषद के नामित सभासद देवेंद्र पटेल और सावित्री देवी ने अधिशासी अधिकारी को पत्र सौंपकर सभी आवासों और लाभार्थियों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग उठाई है। सभासदों ने आरोप लगाया है कि कई पात्र लाभार्थी अब तक योजना से वंचित हैं। जबकि अपात्र लोगों को आवास आवंटित कर दिए गए हैं। सभासदों द्वारा इओ को सौपे गये पत्र के अनुसार योजना का लाभ सही लोगों तक नहीं पहुंच पा रहा है और इसमें अनियमितताओं की आशंका है। सभासदों ने कहा कि यदि निष्पक्ष जांच कराई जाए तो कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आ सकते हैं। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए अधिशासी अधिकारी गुंजन गुप्ता ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। अधिशासी अधिकारी ने नगर के सभी कर वसूली संग्रहकताओं को निर्देशित किया है कि वे नगर में निर्मित प्रत्येक प्रधानमंत्री आवास और लाभार्थी की मौके पर जाकर जांच करें और उसकी रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करें। इस आदेश के बाद नगर में हड़कंप की स्थिति बन गई है। खासकर उन लोगों में जिन्होंने कथित रूप से अपात्र होते हुए भी आवास प्राप्त कर लिया है। बताया जाता है कि प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत डूडा और नगर पालिका प्रशासन पर भी अनियमित वसूली के आरोप लगते रहे हैं। अब जांच के आदेश के बाद उम्मीद जताई जा रही है कि वास्तविक पात्रों को न्याय मिलेगा और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई हो सकेगी। नगरवासियों का कहना है कि यदि पारदर्शिता के साथ जांच पूरी की गई तो योजना की साख भी बहाल होगी और जरूरतमंदों को उनका हक मिल सकेगा।

# विकास के दावों पर गड्ढों का तमाचा मार्ग बना मौत का कुआं हर सफर बना खतरा

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। पुरवा विधानसभा क्षेत्र में विकास के दावे भले ही मंचों से गूंजते हों, लेकिन जमीनी हकीकत असोहा ब्लॉक के गोमापुर धन्नीखेड़ा मार्ग पर साफ नजर आती है। यह सड़क अब विकास नहीं, बल्कि लापरवाही की जीवित मिसाल बन चुकी है जहां गड्ढों में सड़क है या सड़क में गड्ढे, यह तय कर पाना मुश्किल हो गया है।

कई गांवों को जोड़ने वाला यह अहम मार्ग आज पूरी तरह जर्जर हो चुका है। जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे, उखड़ी परतें और टूटी पुलिया हर गुजरने वाले को खतरे का एहसास कराती हैं। हालात ऐसे हैं कि बाइक सवार तो दूर, पैदल चलना भी जोखिम भरा हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि हर दिन यह रास्ता किसी बड़े हादसे को न्योता देता है।



स्थानीय लोगों के अनुसार, गड्ढा मुक्त अभियान के नाम पर कुछ समय पहले खानापूर्ति जरूर की गई, लेकिन अब सड़क की हालत पहले से भी ज्यादा बदतर हो चुकी है। बारिश के दौरान यह मार्ग पूरी तरह दलदल में तब्दील हो जाता है, जिससे आवागमन ठप पड़ जाता है और ग्रामीणों की मुश्किलें कई गुना बढ़ जाती हैं।

अगर इस सड़क को जुबान दी जाए तो शायद वह खुद चीखकर कहे साहब ! अब मुझसे और दर्द नहीं सहा जाताङ्क मेरी सांसें उखड़ रही हैं, मुझ पर चलते हर कदम के साथ मौत का साया चलता हैङ्क रहम करो, मेरा पुनर्जन्म कराओ।

बुजुर्गों, बच्चों और किसानों के लिए यह मार्ग जीवन रेखा है, लेकिन प्रशासनिक अनदेखी ने इसे खतरे का रास्ता बना दिया है। ग्रामीणों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि इस सड़क का तत्काल पुनर्निर्माण कराया जाए, वरना कोई भी अनहोनी पूरे क्षेत्र को झकझोर सकती है।

अब सवाल यह है कि विकास के दावों के बीच क्या इस मौत के रास्ते पर भी नजर जाएगी, या फिर कोई बड़ी दुर्घटना ही प्रशासन को जगाएगी ?

# खेत की पराली जलाने से वन विभाग के खड़े पेड़ पौधे जले

**अमन लेखनी समाचार**

नवाबगंज, उन्नाव। विकासखंड क्षेत्र में बुधवार दोपहर पराली जलाने की लापरवाही ने बड़ा रूप ले लिया। गौरा गांव के पास जैतीपुरझलखनपुर मार्ग किनारे खेतों में लगाई गई आग अचानक बेकाबू हो गई और सड़क किनारे वन विभाग द्वारा लगाए गए दर्जनों हरे पेड़-पौधों व झाड़ियों को अपनी चपेट में ले लिया।

किसानों ने खेत साफ करने के लिए पराली में आग लगाई थी। इसी दौरान तेज हवा चलने लगी, जिससे आग तेजी से फैलती चली गई। कुछ ही देर में सड़क किनारे लगी हरियाली धू-धू कर जलने लगी और कई पौधे व झाड़ियां जलकर राख हो गईं।

घटना के बाद अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए आग बुझाने का प्रयास किया।



काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते आग पर नियंत्रण नहीं पाया जाता, तो लपटें आसपास के खेतों और आबादी तक पहुंच सकती थीं।

क्षेत्र में हर साल पराली जलाने की घटनाएं सामने आती हैं, बावजूद इसके लोग इससे होने वाले नुकसान को नजरअंदाज कर रहे हैं। पर्यावरण को नुकसान पहुंचने के साथ ही ऐसे हादसे कभी भी बड़े खतरे का रूप ले सकते हैं।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पराली जलाने पर सख्ती से रोक लगाई जाए और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई हो।

## आवास घोटाला: एफ आईआर के बाद भी कार्रवाई नहीं, जांच पर उठे सवाल


**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। नवाबगंज विकास खंड की ग्राम पंचायत रैनापुर में प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना में अनियमितताओं के मामले में पुलिस जांच की रफ्तार अब सवालों के घेरे में आ गई है। मुकदमा दर्ज होने के बाद भी अब तक किसी भी जिम्मेदार पर ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। जिससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।बताया जा रहा है कि आवास आवंटन में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी सामने आई थी। अपात्र लोगों को योजना का लाभ दिए जाने और कई पात्र परिवारों को वंचित रखने के आरोप लगे थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसआईटी का गठन भी किया गया, लेकिन जांच की प्रगति धीमी बनी हुई है।सूत्रों के अनुसार, एसआईटी द्वारा कुछ कर्मचारियों और संबंधित लोगों के बयान दर्ज किए गए हैं। लेकिन अभी तक किसी के खिलाफ न तो गिरफ्तारी हुई और न ही विभागीय कार्रवाई का कोई स्पष्ट संकेत मिला है। इससे यह सवाल उठ रहा है कि आखिर जांच किस दिशा में आगे बढ़ रही है।गांव के लोगों का कहना है कि जिनके साथ अन्याय हुआ, उन्हें अब तक न्याय नहीं मिला है। पात्र परिवार आज भी आवास के लिए दर-दर भटक रहे हैं, जबकि घोटाले में शामिल लोगों पर कोई सख्त कदम नहीं उठाया गया।इस पूरे मामले में प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से भी स्पष्ट जवाब नहीं मिल पा रहा है। केवल जांच जारी होने की बात कही जा रही है। लेकिन कार्रवाई को लेकर स्थिति अस्पष्ट बनी हुई है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि जांच को समयबद्ध तरीके से पूरा कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। ताकि भविष्य में इस तरह की गड़बड़ियों पर रोक लग सके रैनापुर आवास घोटाले में जांच की सुस्त रफ्तार ने न सिर्फ प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं। बल्कि आम जनता का भरोसा भी कमजोर किया है। अब देखना होगा कि जांच में तेजी कब आती है और जिम्मेदारों पर कार्रवाई कब तक होती है।

# मार्ग दुर्घटना में मां की मौत के बाद पुत्र की भी इलाज के दौरान मौत

**अमन लेखनी समाचार**

बांगरमऊ, उन्नाव। बीते सोमवार की शाम एक सड़क हादसे में बाइक सवार पत्नी की मौत हो गई थी जबकि पति व मासूम बच्चा घायल हो गया था इस घटना मा के बाद इलाज के दौरान बच्चे की भी मौत हो गई जिससे मंगलवार की शाम मां बेटे दोनो के शवो का एक साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया।



ज्ञात हो बांगरमऊ के गांव गहर पुरवा निवासी विनोद पत्नी जयश्री व 7 वर्षीय पुत्र राज के साथ बाइक द्वारा रिश्तेदारी से घर लौट रहा था तभी सोमवार की देर शाम बांगरमऊ क्षेत्र में गांव आलमऊ सराय के निकट उन्हें तेज गति वाहन ने टक्कर मार दी थी इस हादसे में 35 वर्षीय मां जयश्री को अस्पताल के डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था जबकि पुत्र 7 वर्षीय राज को रेफर कर दिया था किंतु इलाज के दौरान उन्नाव में बच्चे की भी मौत हो गई जिससे मंगलवार को दोपहर करीब मा बेटे के शव गांव पहुंचे तो परिजनों में कोहराम मच गया तथा मंगलवार को हो शाम पहर गांव के सामने गंगा तट ले जाकर मां तथा बेटे दोनो के शवो का एक साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया।

यह दुखद घटना लोगो में चर्चा का विषय बनी हुई है।

## स्व गणना को लेकर एसडीएम ने की बैठक

**अमन लेखनी समाचार**

पुरवा, उन्नाव। मकानों की स्व-गणना का पहला चरण 7 मई से प्रारंभ होने के कारण एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने अपने चेंबर में बैठककर सभी मातहतों को निर्देशित किया। राशन वितरण के दौरान भी सभी पंचायत कर्मी ग्रामीणों की स्व-गणना कराएंगे। बैठक में तहसीलदार मनीष द्विवेदी भी शामिल हुए बुधवार को उपजिलाधिकारी प्रमेश श्रीवास्तव ने डीपीआरओ, बीईओ,



एडीओ पंचायत व आपूर्ति निरीक्षकों के साथ बैठक कर 7 मई से होने वाली मकानों की स्व-गणना के संबंध में दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सभी मातहतों से बताया कि ग्रामीणों व आमजनों को जागरुक करते हुए स्व-गणना का प्रचार-प्रसार कराएं। यह कार्य 21 मई तक सम्पन्न कराया जाए। साथ ही राशन वितरण के दौरान 10-12 मई तक पंचायतों के सभी सहायक ग्रामीणों व कार्डधारकों से सम्पर्क कर स्व-गणना कराएं। बैठक में तहसीलदार मनीष द्विवेदी समेत समस्त डीपीआरओ, हिलौली/पुरवा बीईओ सुरेश कुमार, असोहा बीईओ आंचल सिंह, सभी एडीओ पंचायत, रजिस्ट्रार कानूनगो, आपूर्ति निरीक्षक बैठक में शामिल हुए। एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने बताया कि स्व-गणना के संबंध में सभी मातहतों को निर्देश दिए गये हैं। उन्होंने बताया कि किसी भी कार्मिक के द्वारा शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# भीषण सड़क हादसा: लोडर व बाइक की टक्कर दो की मौत एक की हालत गंभीर

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। दही थाना क्षेत्र अंतर्गत निकट दरोगा खेड़ा चौकी के पास पुरवा-उन्नाव रोड पर मंगलवार रात करीब 10 बजे दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। एक छोटा ऊछ1 छअ( 33 51 )हाथी (पिकअप लोडर) और मोटरसाइकिल (डीलक्स वढ 35 इश 2070) की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।जानकारी के अनुसार, मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवक मौरावा की तरफ एक शादी समारोह में जा रहे थे। इसी दौरान उन्नाव की ओर से आ रहे तेज रफ्तार पिकअप लोडर से उनकी सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार सुशील पुत्र गुल्लू (30 वर्ष) और उसके चचेरे भाई बबलू पुत्र




राजाराम (लगभग 28 वर्ष), निवासी ग्राम खटई, थाना सदर कोतवाली उन्नाव, की मौके पर ही मौत हो गई।

वहीं तीसरे युवक पिंटू पुत्र गुल्लू (32 वर्ष) मृतक सुशील का बड़ा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे तत्काल जिला अस्पताल भेजा गया है तुम तीनों युवक ग्राम खटई मगरवारा चौकी सदर कोतवाली के रहने वाले थे जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। घटना के बाद चालक पिकअप छोड़कर मौके से फरार हो गया।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में हीलेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।पुलिस ने वाहन को भी जब्त कर लिया है और फरार चालक की तलाश जारी है। वहीं थाना प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार कानूनी कार्यवाही की जाएगी इस हादसे के बाद मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# पति पर पहले से शादीशुदा होने का आरोप, महिला ने दर्ज कराया मुकदमा

**अमन लेखनी समाचार**

बीघापुर, उन्नाव। थाना क्षेत्र के ग्राम टिकुरीमऊ निवासी एक महिला ने अपने पति पर पहले से विवाहित होने का गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव निवासी काजल सिंह ने अपने पति प्रवीण सिंह पटेल पर आरोप लगाया है कि वह पहले से ही शादीशुदा है। इस बात की जानकारी होने पर जब उसने परिवार में इस विषय को उठाया, तो ससुरालीजन आक्रोशित हो गए। महिला का आरोप है कि पति, सास, ननद व नन्दोई ने मिलकर उसके साथ मारपीट की और उसे प्रताड़ित कर घर से भगा दिया। पीड़िता के अनुसार, जान




का खतरा महसूस होने पर वह किसी तरह अपनी जान बचाकर मायके पहुंची। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। थाना अध्यक्ष राजपाल ने बताया कि प्रकरण की रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है तथा दोषियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली पलटी चालक घायल

**अमन लेखनी समाचार**

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के मोहीखेड़ा गांव के समीप बुधवार दोपहर ट्राली में लोहे के पाइप लेकर जा रहा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया।हादसे में चालक ट्रैक्टर के नीचे दब गया।ग्रामीणों ने उसे बाहर निकला और सीएचसी में भर्ती कराया। वही एक अन्य घटना इसी मार्ग के राजकीय कन्या विद्यालय के समीप हुई जिसमें कोचिंग पढ़ने का रहे बाइक सवार छात्रों को डंफर ने टक्कर मार दी जिसमें एक छात्र गंभीर घायल हो गया। घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के कांटा गुलजारपुर गांव निवासी रामसेवक (45) पुत्र नन्हा ट्रैक्टर चालक है। बुधवार को वह सफीपुर से ट्राली में लोहे के पाइप और पुरानी ईंटे लोड कर गांव जा रहा था।मियागंज रोड पर वह जैसे ही रेलवे क्रासिंग पार कर मोही खेड़ा गांव पहुंचा तभी ट्रैक्टर से उसका नियंत्रण हट गया और ट्रैक्टर सड़क किनारे जा पलटा।हादसे में रामसेवक ट्रैक्टर के नीचे दब गया।घटना देख ग्रामीणों मौके पर पहुंच गए और ट्रैक्टर के नीचे से उसे निकाल कर सीएचसी भेजा जहां डाक्टर ने उसकी गंभीर हालत देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।भी दूसरी घटना इससे दो सौ मीटर बाद हुई।कस्बा के दुनियाना मोहल्ला निवासी संतोष का 16 वर्षीय पुत्र अपने दो अन्य दोस्तों के साथ कोचिंग पढ़ने जा रहा था तभी राजकीय कन्या विद्यालय के समीप डंफर ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी।हादसे में गंभीर रूप से घायल बिमल को सीएचसी से जिला अस्पताल भेज दिया गया।जबकि उसके साथियों को मामूली खरोचें आई।

# ईओ ने विकास कार्यों की समीक्षा लापरवाह कर्मचारियों पर जताई नाराजगी

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। गंगाघाट नगर पालिका में अधिशासी अधिकारी (ईओ) ने कार्यों की समीक्षा के दौरान कर्मचारियों की लापरवाही पर कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने बैठक में पटल बाबुओं को कार्य में ढिलाई बरतने पर जमकर फटकार लगाई और तत्काल सुधार के निर्देश दिए।

बैठक में पेंशन और वेतन से जुड़े मामलों की समीक्षा की गई। इस दौरान पेंशन बाबू राम नरेश पाल के कार्य में कई विसंगतियां सामने आईं। ईओ ने इस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्हें अंतिम चेतावनी दी।

उन्होंने राम नरेश पाल को सभी लंबित और त्रुटिपूर्ण मामलों को जल्द से जल्द सही करने का स्पष्ट निर्देश दिया, साथ ही कहा कि पेंशन जैसे संवेदनशील मामलों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इसके अतिरिक्त, ईओ ने साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर भी असंतोष व्यक्त किया। कई वार्डों में अपेक्षित स्तर की सफाई न होने पर संबंधित सफाई नायकों को फटकार लगाई गई। उन्हें नियमित निगरानी के साथ सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने और शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में आगामी जनगणना कार्य पर भी चर्चा हुई। ईओ ने सभी संबंधित कर्मचारियों को जनगणना कार्य में तेजी लाने और निर्धारित समयसीमा में पूरा करने का निर्देश दिया। स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) के तहत चल रहे कार्यों को भी समय पर पूरा करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शासन की प्राथमिक योजनाओं में किसी भी प्रकार की ढिलाई स्वीकार्य नहीं होगी।

इसी क्रम में, दिल्ली से स्वच्छ भारत मिशन के मुख्य पर्यवेक्षक कलीम अहमद आज गंगाघाट नगर पालिका पहुंचे। उन्होंने विभिन्न मोहल्लों का दौरा कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और मौके पर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर सफाई की स्थिति का आकलन किया गया और संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

मुख्य पर्यवेक्षक कलीम अहमद ने अधिकारियों को शहर की सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने तथा कूड़ा निस्तारण व स्वच्छता से जुड़े सभी मानकों का कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया। उनके निरीक्षण के बाद नगर पालिका प्रशासन अधिक सक्रिय दिखाई दिया।

# डंपर की टक्कर से मार्ग पर लगा हाइटगेज टूटा

**अमन लेखनी समाचार**

हसनगंज, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में मोहान-अजगैन मार्ग पर लालपुर के पास लगा हाइट गेज बीती रात एक अवैध डंपर की टक्कर से टूटकर सड़क पर गिर गया। यह सातवीं बार है जब यह गेज क्षतिग्रस्त हुआ है।

यह हाइट गेज ओवरलोड वाहनों से होने वाले हादसों को रोकने के उद्देश्य से लगाया गया था। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह सातवीं बार है जब इसे क्षतिग्रस्त किया गया है। प्रशासन ने इसे लगातार स्थापित किया है, लेकिन अवैध डंपरों के कारण यह बार-बार टूट रहा है।

प्रशासन ओवरलोड डंपरों को रोकने के लिए लगाए गए इस हाइट गेज को बार-बार टूटने से बचाने में बेबस नजर आ रहा है। यह स्थिति क्षेत्र में अवैध खनन और परिवहन पर नियंत्रण की कमी को दशार्ती है।

आसपास के लोगों का कहना है कि हाइट गेज के पास एक धर्म कांटा स्थित है।

अवैध डंपर इसी धर्म कांटे के पास से मनमानी करते हुए निकल जाते हैं, जिससे वे हाइट गेज से बच निकलते हैं और उसे क्षतिग्रस्त कर देते हैं। इस स्थिति से ट्रैफिक पुलिस की निगरानी पर भी सवाल उठ रहे हैं। लोगों ने सुझाव दिया है कि यदि हाइट गेज को किसी दूसरी जगह स्थापित किया जाए, तो शायद यह टूटेगा नहीं। इससे पहले, समाजवादी पार्टी (सपा) कार्यकर्ता आंचल वर्मा सहित राधे लाल, सेवाक लाल, अजीत और सूरज की शिकायत पर कई बार हाइट गेज लगाया गया था। पुनः गिरने पर आंचल वर्मा ने तहसील समाधान दिवस में शिकायत की थी, जिसके संज्ञान में आने के बाद इसे फिर से स्थापित किया गया था।

# दुल्हन ने शादी से पहले प्रेमी के साथ जान दी

## पेड़ पर एक ही रस्सी से लटके मिले शव, शाहजहांपुर में कल बारात आनी थी

**अमन लेखनी समाचार**

शाहजहांपुर,शादी से एक दिन पहले दुल्हन ने प्रेमी के साथ फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दोनों के शव बुधवार सुबह गांव से 500 मीटर दूर आम के बाग में एक ही रस्सी से लटके मिले। दोनों का दो साल से अफेयर था। दोनों शादी करना चाहते थे। दोनों के परिवार को उनका रिश्ता मंजूर नहीं था। इसलिए लड़की की शादी कहीं और तय कर दी गई थी। कल यानी गुरुवार को बारात आनी थी। इससे दोनों नाराज थे। बुधवार सुबह करीब 5 बजे दोनों अपने-अपने घर से बिना किसी को बताए निकल गए। काफी देर वापस नहीं लौटे तो परिजनों ने तलाश शुरू की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। 8 बजे ग्रामीणों ने बाग में पेड़ पर उनके शव लटके देखे। सूचना पर पुलिस पहुंची। शवों को फंदे से उतारकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटना जिला मुख्यालय से 70 किलोमीटर दूर थाना परौर क्षेत्र के कुबेरपुर गांव की है। कुबेरपुर गांव में सोमेंद्र यादव (19) और नन्ही यादव (19) का अफेयर था। सोमेंद्र के पिता शिव नारायण यादव किसान हैं। उनके चार बेटे हैं। सोमेंद्र तीसरे नंबर पर था। मजूदरी करता था। नन्ही के पिता जितेंद्र यादव भी खेती-बाड़ी करते हैं। उनकी छह बेटियां हैं। नन्ही दूसरे नंबर पर थी। दोनों के घर आमने-सामने होने के कारण सोमेंद्र अक्सर घर आता जाता रहता था। जब परिजनों को पता चला तो उन्होंने विरोध किया। दोनों ही परिवारों ने अपने बच्चों को समझाया।




एक-दूसरे से दूर रहने को कहा। दोनों ने परिवार को शादी के लिए मनाने की तमाम कोशिशें कीं, लेकिन परिवारवाले राजी नहीं हुए। नन्हीं के पिता ने 7 अप्रैल को बदायूं के अल्लापुर में उसकी शादी तय कर दी। दूल्हा बीएससी की पढ़ाई कर रहा है। अभी कोई काम नहीं करता है। शादी की सारी तैयारियां पूरी हो चुकी थीं। लेकिन, नन्ही ने सोमेंद्र के साथ जान देने का फैसला कर लिया। दो महीने पहले गांव लौटा था सोमेंद्र सोमेंद्र के पिता शिव नारायण ने बताया कि वह मंगलवार की रात अपने खेत पर जाने की तैयारी कर रहे थे। गांव में भी एक शादी थी। उन्होने बेटे को उस शादी में जाने के लिए न्योता दिया था। बेटा चला भी गया था। फिर वह अपने खेत पर चले गए थे। लेकिन सुबह पता चला कि सोमेंद्र ने सी लगा ली। वह करीब दो महीने पहले दिल्ली से लौटा था। वहां पर मजदूरी करता था। मेरी दूध की डेयरी है। यहां आकर सोमेंद्र खेतीबाड़ी करने लगा था।

## सम्पादकीय

# विनेश फौगाट की सुरक्षा सुनिश्चित करे सरकार

भारतीय खेल जगत एक बार फिर ऐसे मोड़ पर खड़ा है, जहां प्रदर्शन से ज्यादा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। ओलंपियन पहलवान विनेश फोगाट द्वारा बृजभूषण शरण सिंह पर लगाए गए ताजा आरोप केवल एक व्यक्तिगत विवाद नहीं हैं, बल्कि यह पूरे खेल तंत्र की पारदर्शिता, विश्वसनीयता और संवेदनशीलता की परीक्षा बन चुके हैं। यह संस्थागत जवाबदेही और महिला खिलाड़ियों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। ऐसे में सरकार को भी चहिए कि वह विनेश समेत सभी महिला खिलाड़ियों की सुरक्षा सुनिश्चित करे। विनेश का बयान एक संवेदनशील और असहज सच को सामने लाता है कि देश के शीर्ष स्तर के खिलाड़ी भी खुद को सुरक्षित और निष्पक्ष माहौल में नहीं पाते। अगर एक ओलंपियन को यह कहना पड़ रहा है कि वह किसी प्रतियोगिता में अपना 100% नहीं दे पाएंगी, तो यह केवल व्यक्तिगत मानसिक स्थिति का मामला नहीं, बल्कि व्यवस्था की विफलता का भी संकेत है। बता दें कि यूपी के गोंडा में 10 से 12 मई के बीच सीनियर ओपन रैंकिंग कुश्ती टूर्नामेंट होने जा रहा है। गोंडा जाने को लेकर विनेश ने असुरक्षा का खतरा जताया है। हालांकि इस मामले का दूसरा पहलू यह भी है कि गोंडा में होने वाले टूर्नामेंट में देशभर से करीब 1400 खिलाड़ी भाग लेंगे। ऐसे में विनेश द्वारा उठाए जा रहे सवाल क्या जायज हैं, यह भी एक बड़ा सवाल है। कहीं, विनेश वहां जाने से बचने के लिए तो ऐसा नहीं कर रही हैं, क्योंकि उनके भारवर्ग 57 किलोग्राम में तीन अन्य महिला खिलाड़ी अंशु मलिक, मनीषा भनवाला भी मुकाबला करेंगी, जहां इन पहलवानों के साथ विनेश का मुकाबला होना तय माना जा रहा है। या वे राजनीति से प्रेरित होकर ऐसा कदम उठा रही हैं। बहरहाल, देश की इस बड़ी खिलाड़ी को ऐसी डिमांड नहीं करनी चाहिए। बता दें कि विनेश ने आशंका जताई है कि गोंडा (बृजभूषण शरण सिंह का प्रभाव क्षेत्र) में प्रतियोगिता में उनके साथ या उनकी टीम के साथ कुछ अप्रिय घटना हो सकती है और यदि ऐसा कुछ होता है, तो भारत सरकार जिम्मेदार होगी। उन्होंने आरोप लगाया कि वहां निष्पक्षता के साथ फैसले नहीं होंगे। वहीं, इस मामले में डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह ने विनेश के आरोपों को 'बेवजह का हंगामा' बताया है और कहा कि विनेश का रजिस्ट्रेशन पहले ही पूरा हो चुका है। उन्होंने विनेश की सुरक्षा की 'निजी गारंटी' देते हुए उन्हें राजनीति न करने की नसीहत दी है। यौन उत्पीड़न के आरोप केवल कानूनी मुद्दे नहीं होते, वे सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी भी तय करते हैं। सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन पीड़ित की पहचान को गोपनीय रखने की बात करती है, लेकिन जब एक खिलाड़ी खुद सामने आकर अपनी पहचान स्वीकार करती है, तो यह दिखाता है कि वह भीतर से कितनी दबाव और असुरक्षा महसूस कर रही होगी। यह स्थिति अन्य महिला खिलाड़ियों के लिए भी एक नकारात्मक संदेश दे सकती है। अंततः, यह मामला केवल एक खिलाड़ी और एक पूर्व पदाधिकारी के बीच का विवाद नहीं है, बल्कि भारतीय खेल व्यवस्था के चरित्र और विश्वसनीयता की परीक्षा है। यदि इस अवसर पर सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए, तो इसका असर केवल कुश्ती तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरे खेल जगत में अविश्वास की भावना गहराएगी। अब जरूरत है खेल मंत्रालय और डब्ल्यूएफआई ठोस कार्रवाई, पारदर्शी प्रक्रिया और खिलाड़ियों के भरोसे को फिर से कायम करने करे, क्योंकि खेल केवल पदक जीतने का माध्यम नहीं, बल्कि विश्वास और निष्पक्षता का प्रतीक भी हैं।



चिंतन शिविर

मनसुख एल. मांडविया

# सहभागी संघीयता से खेलों का भविष्य

> यह शिविर बिखरे हुए प्रयासों से हटकर सहभागी संघवाद के एक ऐसे मॉडल में बदलाव का प्रतिनिधित्व करता है, जिसमें केंद्र और राज्य भारत के खेल इकोसिस्टम के सह-निर्माता के रूप में कार्य करते हैं। यदि भारत को वर्ष 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों की सफल मेजबानी करनी है तथा वर्ष 2036 के ओलंपिक खेलों में शीर्ष 10 देशों में स्थान प्राप्त करने के अपने महत्वाकांक्षी लक्ष्य को हासिल करना है तो यह समन्वय अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह शिविर भारत के खेल प्रक्षेप पथ को पुनर्परिभाषित कर सकता है जिससे राष्ट्रमंडल खेल 2030 की मेजबानी और वर्ष 2036 तक ओलंपिक में शीर्ष 10 में स्थान प्राप्त करने का सपना न केवल आकांक्षात्मक होगा, बल्कि साध्य बन सकेगा।

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय का चिंतन शिविर 2026 संस्करण वैश्विक खेल महाशक्ति बनने की दिशा में भारत की खेल यात्रा में एक अत्यधिक महत्वपूर्ण क्षण है। सप्ताहांत में श्रीनगर में आयोजित इस शिविर में केंद्रीय नेतृत्व तथा राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के खेल मंत्रियों के साथ साथ प्रमुख खिलाड़ियों, खेल प्रशासकों तथा भारतीय ओलंपिक संघ को एक मंच पर लाया गया, ताकि खेल प्रशासन, खिलाड़ी विकास और ओलंपिक उत्कृष्टता के लिए एकीकृत कार्ययोजना पर विचार-विमर्श किया जा सके। अपने मूल में, यह शिविर बिखरे हुए प्रयासों से हटकर सहभागी संघवाद के एक ऐसे मॉडल में बदलाव का प्रतिनिधित्व करता है, जिसमें केंद्र और राज्य भारत के खेल इकोसिस्टम के सह-निर्माता के रूप में कार्य करते हैं। यदि भारत को वर्ष 2030 के राष्ट्रमंडल खेलों की सफल मेजबानी करनी है तथा वर्ष 2036 के ओलंपिक खेलों में शीर्ष 10 देशों में स्थान प्राप्त करने के अपने महत्वाकांक्षी लक्ष्य को हासिल करना है तो यह समन्वय अत्यंत महत्वपूर्ण है।

वर्ष 2026 संस्करण की विशेषता इसके क्रियान्वयन-उन्मुख दृष्टिकोण परिणामों पर जोर देती है और यह भी सुनिश्चित करती है कि विचार-विमर्श के दौरान प्रस्तुत किए गए विचारों का धरातल पर मापनीय प्रभाव पड़े। इसके लिए राज्य के खेल विभागों और केंद्रीय खेल मंत्रालय के बीच समन्वय अत्यंत आवश्यक है। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया द्वारा 'श्रीनगर खेल संकल्प' के शुभारंभ ने आगे के जमीनी सहयोगों के लिए दिशा निर्धारित की है, जिसमें राज्यों और केंद्र सरकार के साथ भारत के खेल इकोसिस्टम को सुदृढ़ करने, खेल पर्यटन को बढ़ावा देने तथा राष्ट्र निर्माण हेतु खेलों को बढ़ावा देने वाले प्रमुख क्षेत्रों पर सहमति बनाई गई। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता निशानेबाज गगन नारंग, जो वर्तमान में प्रशिक्षक एवं भारतीय ओलंपिक संघ के सदस्य हैं, ने सभी हितधारकों को एक मंच पर लाने के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वर्ष 2036 तक ओलंपिक में शीर्ष 10 देशों में स्थान प्राप्त करने की भारत की महत्वाकांक्षा केवल सहभागी संघीयता तथा सार्वजनिक-निजी सहभागिता के माध्यम से ही संभव है। सभी हितधारकों का एक साथ आना भारत को एक मजबूत खेल राष्ट्र बनाने के लिए सबसे बड़ा उत्प्रेरक सिद्ध होगा और इसकी शुरुआत इस शिविर से हो चुकी है।

भारत का खेल इकोसिस्टम स्वाभाविक रूप से संघीय है, जहां राज्य जमीनी स्तर के बुनियादी ढांचे का बड़ा हिस्सा संचालित करते हैं, स्कूली खेलों को प्रोत्साहित करते हैं और स्थानीय प्रतिभाओं की पहचान करते हैं,वहीं केंद्र सरकार राष्ट्रीय योजनाओं, उत्कृष्ट प्रशिक्षण और अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन को बढ़ावा देती है। निर्बाध समन्वय के अभाव में यह व्यवस्था अक्षमता का कारण बन सकती है। शिविर ने इस बात को रेखांकित किया कि भारत की ओलंपिक आकांक्षाएं अलग-अलग प्रयासों से नहीं, बल्कि समन्वित योजना, साझा संसाधनों और सतत प्रतिक्रिया तंत्र के माध्यम से ही साकार हो सकती हैं। शिविर का एक प्रमुख विषय प्रारंभिक प्रतिभा पहचान और संरचित मार्गों के माध्यम से व्यापक प्रतिभा आधार तैयार करना था। देश में 15 लाख से अधिक




स्कूलों और 8 करोड़ विद्यार्थियों के साथ, भारत के पास अपार प्रतिभा का भंडार है। हालांकि, इस क्षमता का करने के लिए 'खेलो इंडिया उदीयमान प्रतिभा पहचान कार्यक्रम' जैसे एकीकृत प्रतिभा पहचान तंत्र, जिला स्तर से उत्कृष्ट स्तर तक खिलाड़ियों की प्रगति को ट्रैक करने हेतु राष्ट्रीय खेल भंडार तथा स्कूल और जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं को पुनर्गठित कर उन्हें राष्ट्रीय अकादमियों से जोड़ने वाली संरचित प्रणाली उपयोग की आवश्यकता है। वास्तव में, शिविर में हुई चर्चाओं ने यह स्पष्ट किया कि ओलंपिक पदक रातों-रात प्राप्त नहीं होते, वे एक दशक लंबी प्रक्रिया का परिणाम होते हैं, जिसकी शुरुआत जमीनी स्तर से होती है। जब राज्यों ने अपनी जमीनी प्रतिभा योजनाओं को साझा किया और केंद्र सरकार की खेलो इंडिया योजना के साथ उनके समन्वय पर प्रकाश डाला, तब यह स्पष्ट हुआ कि इस दिशा में काफी प्रगति हुई है और निरंतर सहयोग इस व्यापक लक्ष्य की प्राप्ति में एक महत्वपूर्ण घटक है। चर्चाओं से प्राप्त एक महत्वपूर्ण निष्कर्ष यह है कि प्रशिक्षक खेल सफलता की रीढ़ होते हैं। अतः कोचिंग प्रमाणन के मानकीकरण, प्रशिक्षकों के कौशल उन्नयन एवं कल्याण तथा पूर्व खिलाड़ियों को कोचिंग इकोसिस्टम में सम्मिलित करने के प्रस्तावों को सभी हितधारकों का समर्थन प्राप्त हुआ। वर्तमान में, देशभर के लगभग 1000 खेलो इंडिया केंद्रों में पूर्व चैंपियन खिलाड़ियों (पीसीए) की भागीदारी से सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुए हैं, जो कोचिंग इकोसिस्टम में पूर्व खिलाड़ियों के व्यापक समावेशन के लिए एक मॉडल के रूप में उभर रहा है। भारत ने विशेष रूप से खेलो इंडिया केंद्रों और अकादमियों के माध्यम से खेल अवसंरचना के निर्माण में उल्लेखनीय प्रगति की है। तथापि, शिविर ने कुछ ऐसे क्षेत्रों की पहचान की जिन पर ध्यान केंद्रित कर देश के सुदूर क्षेत्रों तक खेल अवसंरचना की उपलब्धता को और सुदृढ़ किया जा सकता है। प्रमुख प्रस्तावों में मौजूदा अवसंरचना का साझा उपयोग मॉडल के माध्यम से उसे अनुकूलित करना, क्षेत्रीय उच्च प्रदर्शन केंद्रों का विकास करना तथा विश्व स्तरीय सुविधाओं के लिए सार्वजनिक-निजी सहभागिता को प्रोत्साहित करना शामिल हैं। इस संदर्भ में जहां राज्य स्थानीय आवश्यकताओं की पहचान करते हैं, वहीं केंद्र वित्तीय ढांचा, तकनीकी विशेषज्ञता और वैश्विक मानकों के अनुरूप मार्गदर्शन प्रदान कर सकता है। राष्ट्रमंडल खेल 2030 की मेजबानी केवल स्टेडियम निर्माण तक ही सीमित नहीं है बल्कि यह एक खेल-सक्षम राष्ट्र के निर्माण के बारे में भी है।

चिंतन शिविर में इस बात पर भी प्रकाश डाला गया कि तैयारी के लिए अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप शहर-स्तरीय अवसंरचना, प्रभावी लॉजिस्टिक्स, सुशासन और खिलाड़ियों के लिए सेवाएं तथा एक सुदृढ़ घरेलू प्रतियोगिता कैलेंडर की आवश्यकता है। राष्ट्रमंडल खेल 2030 की सफल मेजबानी के लिए, राज्यों और केंद्र सरकार की साझा जिम्मेदारियां-न केवल नीति-निर्माण के स्तर पर है, बल्कि उसके क्रियान्वयन के चरण में भी-एक प्रमुख विशेषता के रूप में उभरकर सामने आई। केंद्र और राज्यों के बीच दायित्वों के वितरण से भारत देशभर में अनेक "आयोजन-तत्पर समूह" बना सकता हैं, जिससे एक ही मेजबान शहर पर दबाव कम पड़ेगा और विरासत लाभ सुनिश्चित होगा। चिंतन शिविर केवल एक सम्मेलन ही नहीं, बल्कि एक परिवर्तन उत्प्रेरक भी है। यदि इन विचारों को प्रभावी रूप से लागू किया जाता है, तो यह शिविर भारत के खेल प्रक्षेप पथ को पुनर्परिभाषित कर सकता है- जिससे राष्ट्रमंडल खेल 2030 की मेजबानी और वर्ष 2036 तक ओलंपिक में शीर्ष 10 में स्थान प्राप्त करने का सपना न केवल आकांक्षात्मक होगा, बल्कि साध्य बन सकेगा।

सियासत


राज कुमार सिंह



# पंजाब : प्रचंड बहुमत के बावजूद विश्वास मत!

आम तौर पर नवगठित सरकार ही सदन में विश्वास मत हासिल करती है या फिर राजनीतिक उठापटक के बीच किसी सरकार को सदन में बहुमत हासिल करने के लिए कहा जाता है, लेकिन पंजाब में भगवंत मान के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी यानि आप सरकार ने विधानसभा का विशेष सत्र बुला कर विश्वास मत हासिल किया। उसके लिए श्रमिक दिवस को ही चुनकर भी खास संदेश देने की कोशिश की गई है। जब 117 सदस्यीय विधानसभा में आप के 94 विधायक हैं, तब उसकी सरकार के बहुमत पर किसे संदेह रहा होगा? दरअसल, इस कदम से मान सरकार ने एक तीर से कई निशाने साधने की कोशिश की है। 2022 में प्रचंड बहुमत से पंजाब में सत्तारूढ़ हुई आप में सब कुछ सामान्य तो अरसे से नहीं चल रहा, पर हाल ही में 10 में से सात राज्यसभा सदस्यों के भाजपा में शामिल हो जाने से शायद मान सरकार का आत्मविश्वास डगमगा गया है। इनमें से छह सांसद पंजाब से हैं। उसके बाद से ही पंजाब में भी आप में विभाजन की चर्चाएं चल पड़ी हैं। बेशक किसी भी दल के दो-तिहाई राज्यसभा सांसदों का दलबदल सामान्य घटना नहीं है। फिर इनमें शामिल राघव चड्ढा और संदीप पाठक की पंजाब में आप की चुनावी सफलता में महत्वपूर्ण रणनीतिक भूमिका भी रही। जाहिर है, बेहतर संभावनाएं देख कर बड़ी संख्या में दूसरे दलों से भी आप में नेता आएं। इसलिए उनकी निष्ठा की बाबत कोई खुशफहमी आप नेतृत्व को भी नहीं होगी। फिर न सिर्फ दलबदलू सांसदों, बल्कि भाजपा के साथ-साथ कांग्रेस ने भी पंजाब आप विधायक दल में विभाजन और परिणामस्वरूप मान सरकार पर संकट की अटकलों को हवा देना शुरू कर दिया। दरअसल, आप पंजाब में भाजपा और कांग्रेस की साझा दुश्मन है। आप को भले ही राष्ट्रीय दल का दर्जा मिल गया हो, पर उसका मुख्य राजनीतिक आधार दिल्ली और पंजाब में ही रहा है। दिल्ली की सत्ता पिछले साल विधानसभा चुनाव में गवां चुकी आप पंजाब की सत्ता भी खो देने का जोखिम नहीं उठाना चाहती। जाहिर है, फैसला तो अगले साल पंजाब के मतदाता ही करेंगे, लेकिन एक दिन के विशेष सत्र में विश्वास मत हासिल कर मान सरकार और आप ने अपने डगमगाते आत्म विश्वास को बचाने के साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव के लिए माहौल बनाने की कवायद शुरू कर दी है। पंजाब में न्यूनतम मजदूरी में 15 प्रतिशत की वृद्धि का फैसला स्वागत योग्य है, पर उसका चुनावी असर अगले साल चुनाव परिणाम ही बताएंगे। विपक्ष के वॉकआउट के बीच पेश विश्वास मत प्रस्ताव का समर्थन करने के लिए सदन में 88 विधायक ही मौजूद थे। छह विधायक अलग-अलग कारणों से अनुपस्थित रहे। भगवंत मान सरकार द्वारा विशेष सत्र बुला कर इस तरह विश्वास मत हासिल करने का यह कारण समझना मुश्किल नहीं होना चाहिए कि विश्वास मत हासिल कर चुकी सरकार के विरुद्ध छह माह तक अविश्वास प्रस्ताव नहीं लाया जा सकता, लेकिन इसे आप विधायक दल में अनंतकाल तक एकता की गारंटी नहीं माना जा सकता। भाजपा में शामिल हुए आप राज्यसभा सांसदों में से किसी का भी जनाधार नहीं है। ऐसे में उनके आगामी विधानसभा चुनाव में 'गेम चेंजर' साबित होने की गलतफहमी खुद भाजपा को भी नहीं होगी, लेकिन वे विधायक दल में विभाजन की कोशिश अवश्य कर सकते हैं। अनेक आप विधायकों को टिकट दिलवाने में राघव चड्ढा और संदीप पाठक की भूमिका रही थी। इसलिए कुछ विधायक तो उनके साथ पाला बदलने की बाबत सोच ही सकते हैं। जाहिर है, 94 विधायकों में विभाजन के लिए जरूरी दो-तिहाई का आंकड़ा आसान नहीं, लेकिन अगर जोड़तोड़ ने रफ्तार पकड़ी तो राजनीतिक उठापटक के बीच राज्यपाल छह महीने की अवधि में भी मान सरकार को विधानसभा में बहुमत साबित करने का निर्देश दे सकते हैं। ऐसे में विशेष सत्र बुला कर हासिल किया गया विश्वास मत मान सरकार की सुरक्षा की असीमित गारंटी हरगिज नहीं है। इसमें दो राय नहीं कि पंजाब के मतदाताओं ने कांग्रेस, शिरोमणि अकाली दल और भाजपा सरीखे परंपरागत राजनीतिक दलों से निराश हो कर बड़ी उम्मीदों से 2022 में आप को सत्ता सौंपी थी, लेकिन उन पर खरा उतरने का दावा शायद ईमानदारी से आप भी नहीं कर पाएगी। न तो नशे का कारोबार रुका, न कानून –व्यवस्था सुधरी। शिक्षा, सेहत से लेकर रोजगार तक का हाल भी बुरा ही है। वैकल्पिक राजनीति का वादा करने वाली आप की सरकार पर राजनीतिक प्रतिशोध के आरोप भी कम नहीं लगे। अगर आप में बड़ा विभाजन हुआ तथा शिरोमणि अकाली दल और भाजपा में फिर गठबंधन हो गया, तब अवश्य आगामी चुनाव दिलचस्प हो जाएंगे।

# अतीत पर नहीं करना चाहिए शोक



संकलित

दर्शन

आचार्य चाणक्य ने अपने नीति ग्रंथ में जीवन से जुड़ी कई गहरी और उपयोगी बातें बताई हैं। उन्होंने रिश्तों, व्यवहार और सफलता के सिद्धांतों को बहुत ही सरल और व्यावहारिक तरीके से समझाया है। उनकी शिक्षाएं आज भी उतनी ही असरदार और प्रासंगिक हैं, जितनी प्राचीन समय में थीं। माना जाता है कि जो व्यक्ति इन नीतियों को अपने जीवन में अपनाता है, उसके लिए सफलता के रास्ते आसान हो जाते हैं। आचार्य चाणक्य कहते हैं कि यदि मनुष्य उज्जवल कर्म करके एक दिन भी जिंदा रहे, तो उसका जीवन सफल हो जाता है। ऐसा जीवन बहुत लंबा जीने से बेहतर है, जो कष्टों से भरा हो और इस लोक व परलोक दोनों के खिलाफ हो। यानी कम समय का अच्छा और सही जीवन, लंबे लेकिन गलत और दुखभरे जीवन से ज्यादा मूल्यवान होता है। बीती हुई बातों यानी अतीत पर शोक नहीं करना चाहिए, और आने वाले समय यानी भविष्य की ज्यादा चिंता भी नहीं करनी चाहिए। बुद्धिमान लोग हमेशा वर्तमान समय में रहकर ही काम करते हैं। अलग-अलग लोगों को प्रसन्न करने के तरीके अलग होते हैं और हमें उसी अनुसार व्यवहार करना चाहिए। देवता, सज्जन पुरुष और पिता ऐसे होते हैं जो स्वभाव से ही सरल और दयालु होते हैं। उन्हें खुश करने के लिए ज्यादा दिखावा या विशेष प्रयास की जरूरत नहीं होती।

# सबसे बड़ा धन है संतोष



संकलित

प्रेरणा

गौतम बुद्ध की शिक्षाएं आज भी हमें जीवन की कई परेशानियों से बचने का मार्ग दिखाती हैं। वे प्रतिदिन अपने शिष्यों को उपदेश देते थे और अपने प्रवचनों में क्रोध, अहंकार, लोभ और द्वेष को त्यागने पर जोर देते थे। उनके प्रेरणादायक विचार आज भी उतने ही प्रभावशाली हैं और हमें सफलता, संतुलन और आंतरिक शांति की ओर बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। वे कहते हैं, संतोष सबसे बड़ा धन है, वफादारी सबसे बड़ा संबंध है और स्वास्थ्य सबसे बड़ा उपहार है। दुख का मूल कारण आसक्ति है। यह विचार बताता है कि मोह और चिपकाव ही जीवन की समस्त पीड़ा का केंद्र हैं। अतीत में मत उलझो, भविष्य के सपने मत देखो, अपना ध्यान वर्तमान क्षण पर केंद्रित करो। यह शिक्षा मानसिक तनाव से मुक्त होकर वर्तमान को भरपूर जीने का व्यावहारिक सूत्र है। सभा में, परिषद में और एकांत में किसी से झूठ न बोलें। झूठ बोलने के लिए दूसरों को प्रेरित न करें और न झूठ बोलने वाले को प्रोत्साहन दें। असत्य का सर्वांश में परित्याग कर देना चाहिए। गौतम बुद्ध कहते हैं अतीत पर ध्यान मत दो, भविष्य के बारे में मत सोचो, अपने मन को वर्तमान क्षण पर केंद्रित करो।

जिरहनामा

कनक तिवारी



# बुनियादी न्यायिक अवधारणाएं कहां चली गईं

अंगरेजी के महान लेखक और दार्शनिक फ्रांसिस बेकन इंग्लैंड के 16 वीं शताब्दी में चीफ जस्टिस भी रहे। उनके जैसा उद्भट विद्वान दुनिया में नहीं हुआ। वे वहां के चीफ जस्टिस भी थे। दुखद यही था कि वे भ्रष्ट थे। वे दोनों ओर के पक्षकारों से घूस खा लेते थे। इस कारण उन्हें आजन्म कारावास भुगतना पड़ा। जेल में ही उनकी मौत हुई। उजला पक्ष यह है किसी भी संवैधानिक गुत्थी या उलझन को लेकर बेकन ने जो तर्कशास्त्र गढ़ा है। वह आज तक ढहाया नहीं जा सका। उनके फैसलों को बेकोनियन जजमेंट कहते हैं। दुनिया के तमाम न्यायिक महारथी बेकन के मुरीद हैं।

भारत दुनिया का सबसे बहुसंख्यक संवैधानिक लोकतंत्र है। जिस तरह देह में हड्डियों का ढांचा बुनियाद की तरह रहता है। उसी तरह देश का संविधान देश के विकास और जीवन की बुनियाद होता है। समझना जरूरी है कि संविधान में भारत का अतीत स्मरण या उससे निरंतरता नहीं है। आजकल लफ्फाजी का युग है। जो अपढ़, कुपढ़ और बहुत सा जानबूझकर स्वांग करते हैं। वे जबरिया संविधान पर ऊलजलूल टिप्पणियां करते लोकतंत्र को जख्मी करते रहते हैं। संविधान नियंता बाबा साहब अम्बेडकर के इस साहसिक बयान को अपनी दृष्टि बनाने के लिए समझना होगा कि यह संविधान हम भारतीय इतिहास, पूर्व उदाहरणों और परंपराओं से सीख लेकर बिल्कुल नहीं बना रहे हैं। यह संविधान की कोख यूरो अमेरिकन उन मानवीय साहसिक उद्घाटनों में से है जो इंग्लैंड, फ्रांस, अमेरिका, जर्मनी जैसे कई देशों में हुई जनवादी क्रांति से पैदा हुई है। इसी नजरिए से संविधान को वैज्ञानिक ढंग से देखा और परखा जा सकता है। विकृत दृष्टि तो असंख्य लोगों में पैठ ही चुकी है। संविधान का अब तो कचूमर ही निकाला जा रहा है।

संविधान केवल शब्दो और लकीरों में लिखी हिदायतों का जखीरा नहीं होता। हर शब्द और वाक्य में अदृष्य लगती कोई परंपरा, अवधारणा या समझबूझ की बुद्धि होती है। संविधान केवल इबारतों को पढ़ना नहीं है। अपनी अनुगूंजों को सुनकर संविधान के मर्म की समझ विकसित करना न्याय सत्ता के लिए पहली और जरूरी शर्त है। खासतौर पर सुप्रीम कोर्ट के लिए जो अंतिम न्यायिक वचन का स्त्रोत है। कहती हैं परंपराएं कि बिना किसी को सुने उसके बारे में फैसला मत करो। नागरिकों की आजादी उनका बुनियादी अधिकार है। उन्हें गैर जरूरी वजह से जेल में मत ठूंसो। कहती हैं अवधारणाएं भारत को वैज्ञानिक परंपराओं वाला देश बनाओ यह भी कहती हैं कि जज को एक तरह से सन्यासी जैसा रहना है। उसे घूसखोरी करते रिटायरमेंट के बाद सरकारी पद, नेता बनने की हविश, सामंती भाषा में चीखने का षऊर और रोज बल्कि बरस दर बरस बीतते अपने सिद्धांतों को



बदलने का रवैया नहीं पालना चाहिए। इन्हीं अवधारणाओं से भारतीय न्यायपालिका को कठिन या संकुल चरित्र परिवार बनाया। मातृ संस्था बिटेन की सुप्रीम कोर्ट और उसके इतिहास से समानान्तर ढूंढ़े जाते हैं। वहां कोई ना कोई बीजक कथा मिल जाती है। वह अंधेरी राह के लिए टॉर्च की रोशनी बनकर उजाला बनती है। ऐसी कई मान्यताएं हैं जो भारतीय जजों के आचरण में पिछले 40, 50 वर्षों में स्थिर हो चुकी थीं। देश काफी कुछ भरोसे में रहा है कि अदालतों के रहते निजाम या और कोई जनता पर खुलेआम जुल्म नहीं कर पाएगा। धन डाकुओं को भी अदालतें ठिकाने तो लगाएंगी ही।

सृष्टि का नियम है कि समय बदलता है। भारतीय इतिहास में भी कुछ लोग संकीर्ण और जाहिल दिमाग के बने बैठे कौरव कहलाते पांडवों के साथ जुल्म कर रहे थे। महाभारत के युद्ध में दुराचार और अनाचार को शिकस्त मिली ही थी। जय श्रीराम का नारा लगाना तो कंठ का नारा नहीं, उसमें रावण की कथा का संदेश भी है कि किसी भी अन्य तरह के समाज में न्याय दिलाने की ताकतों के रहते वे सफल नहीं हो पाएं। आजकल जो फल फूल ही रही हैं। देश का धन लेकर भगोडे.विदेशों में भी ऐश कर ही रहे हैं। सरकार से जनता की पूरी दौलत एक उद्योग को कानून तोड़कर चली जा रही है। सिलसिला रुक नहीं रहा है। सैकड़ों, हजारों, करोड़ों की अफरातफरी करने वाले अचानक किसी राजनीतिक दल में शामिल हो जाते हैं। वे प्रेत आत्माएं देवता बन जाती हैं, विदेशी ताकतें भारत में तकनीकी आधारों पर जासूसी का जाल फैला चुकी हैं। लेकिन भारत इन सबसे बेखबर है।

न्यायपालिका ने कार्यपालिका और विधायिका के समानांतर अपनी आजाद हैसियत लगभग खो ही दी है। जनता की निगाह में वह एक सरकारी विभाग है। न्याय कॉरपोरेटियों के अंगूठे के नीचे दबा हुआ है।

देष के पूर्व चीफ जस्टिस एस पी भरूचा ने कभी कहा था भारतीय हाई कोर्ट में एक तिहाई जज भ्रष्ट हैं। और यह संख्या बढ़ सकती है। सुप्रीम कोर्ट के एक बहुत जानदार वकील दुष्यंत दवे ने बहुत संघर्ष करने के बाद खीझकर अदानी रुख के ही कारण अपनी वकालत बंद कर दी। यह केवल एक वकील का मामला नहीं है। न्याय व्यवस्था में चोरी से घुस गई कई कातिल अवधारणाओं का मुंह नोचना है। जो दुष्यंत ने एक प्रतीक बनकर किया। देश किसी न्यायिक देश के चरित्र की नकल नहीं करता। लेकिन उसका खुद का चरित्र अपने संस्कारों के अनुरूप हो जाए तो वह देष नजीरें बनाता है।

जज के घर से करोड़ों रुपयों के नोट निकल रहे हैं। उसका बाल भी बांका नहीं हो रहा। संविधान में नहीं लिखा है कि क्या ऐसा होना ही चाहिए कि देश के नागरिकों को इलाज और शिक्षा का कोई बुनियादी अधिकार तक नहीं है। जज खुलेआम कहते हैं कि हमें तथ्यों से अलग हटकर जनता में आस्था है हमको उसके मुताबिक न्याय करना है। यूरो अमेरिकी न्याय की अवधारणा में ऐसा कोई तत्व नहीं है। अमेरिका, इंग्लैंड, ब्रिटेन और फ्रांस चाहे जितने भी अमीर मुल्क कहे जाएं। वहां अब भी मजबूत परंपराओं और संविधानों के आधार पर ही न्याय हो रहा है। डोनाल्ड ट्रंप यदि किसी भी तरह का कोई टैरिफ लगाते भी हैं तो अमेरिकी अदालतें उसमें बाकायदा हस्तक्षेप करती हैं। न्यायपालिक अवधारणाओं के उल्लंघन के कारण सरकारें तक बदल जाती हैं। लेकिन भारत में यह सब नहीं ही हो रहा। भारतीय जज, श्रमिक यूनियनों, चरित्रवान नागरिकों और सच बोलने वाले नौजवान छात्रों को इतिहास के ऊबड़ खाबड़ रास्ते को समतल करने की कोशिश करने वाले भीमा कोरेगांव के मानव अधिकार कार्यकर्ताओं और अल्पसंख्यकों के छीने जा रहे अधिकारों को बचाने के लिए उसी तरह से मुखर नहीं हैं। दुनिया का कोई तटस्थ व्यक्ति अब यह नहीं कहता कि भारत में आम चुनाव पूरी तौर पर निष्पक्ष, न्यायप्रिय और भ्रष्टाचाररहित तरीके से ही हो रहे हैं। यदि वह कर पाए तब ही उसके ऐसा किया जाने को ही तो भारत को एक तरह से विश्व गुरू होना कहा जा सकता है।

कभी सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस पी. एन. भगवती, वी. आर. कृष्णा अय्यर, सगीर अहमद, साव्यसाची मुखर्जी, हंसराज खन्ना, जैसे कई नक्षत्र थे जिनकी रोशनी से न्याय की अदालते जगमग थीं। सुप्रीम कोर्ट जाने से इनकार करने वाले हाई कोर्ट के महान जज अब्दुल करीम चावला का नाम भी है। आजकल जस्टिस नागरत्ना कम से कम इस रोशनी को बाले हुए हैं।

## संक्षेप

### युवक की नदी में डूबने से मौत

**दोस्तों संग नहाने गया था, पुलिस ने बाहर निकाला**

अमेठी, एक युवक की नदी में डूबने से मौत हो गई। वह अपने दोस्तों के साथ मनोरमा नदी में नहाने गया था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। यह घटना पीपरपुर थाना क्षेत्र के गुडुरी गांव की है। मृतक की पहचान रामपुर कल्याणपुर गांव निवासी परवेज (पुत्र रहमान) के रूप में हुई है। परवेज अपने मामा एहसान अली के घर गुडुरी गांव आया हुआ था। आज सुबह करीब 11 बजे परवेज अपने तीन दोस्तों के साथ मनोरमा नदी में नहाने गया था। नहाते समय वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। साथ नहा रहे दोस्तों ने शोर मचाया, जिसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पीपरपुर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने युवक को नदी से बाहर निकाला और भादर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पीपरपुर थाना प्रभारी श्रीराम पांडेय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। उन्होंने पुष्टि की कि परवेज की मौत गहरे पानी में डूबने से हुई है और मामले की जांच की जा रही है। युवक की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### अमेठी में 3 अभियुक्त 6 माह के लिए जिलाबदर

**अपर जिला मजिस्ट्रेट ने गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत की कार्रवाई**

अमेठीः अपर जिला मजिस्ट्रेट (वित्त/राजस्व) अर्पित गुप्ता ने गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत बड़ी कार्रवाई की है। उन्होंने तीन अभियुक्तों को छह महीने के लिए जनपद की सीमा से निष्कासित (जिलाबदर) कर दिया है। यह कार्रवाई उन व्यक्तियों के खिलाफ की गई है जिनका आसपास के क्षेत्रों में आतंक और भय व्याप्त है, और जिनके विरुद्ध कोई भी व्यक्ति बोलने या साक्ष्य देने का साहस नहीं करता। जिलाबदर किए गए अभियुक्तों में शमशाद पुत्र फहीमुद्दीन, निवासी-अरगवां, थाना-गौरीगंज, और देवेन्द्र कौशल उर्फ राजन पुत्र कंचन लाल, निवासी-पूरबगांव, थाना-भाले सुल्तान शहीद स्मारक शामिल हैं। इन दोनों को 23 अप्रैल 2026 से छह माह के लिए निष्कासित किया गया है। तीसरा अभियुक्त मारूक अहमद उर्फ राजा पुत्र महमूद अहमद, निवासी-पूरे हसन मजरे हरकरनपुर, थाना-जामों है, जिसे 24 अप्रैल 2026 से छह माह की अवधि के लिए जनपद से बाहर रहने का आदेश दिया गया है। अपर जिला मजिस्ट्रेट, अमेठी ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय गुण्डा तत्वों और आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों से सख्ती से निपटने के निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने पुलिस को सख्त हिदायत दी है कि यदि किसी भी थाना क्षेत्र में असामाजिक तत्वों द्वारा लोकशांति और लोक सुरक्षा भंग करने का प्रयास किया जाता है, तो उनके विरुद्ध तत्काल निरोधात्मक कार्रवाई की जाए।

# पीसीएस ज्योति मौर्य के सफाईकर्मी पति बोले- राजनीति में उतरूंगा

## केशव मौर्य से मिले, अफसर बोलीं- पति से समझौते की गुंजाइश नहीं

**अमन लेखनी समाचार**



प्रयागराज, यूपी की पीसीएस अफसर ज्योति मौर्या के सफाईकर्मी पति आलोक मौर्या चुनावी मैदान में उतरना चाहते हैं। मंगलवार यानी 5 मई को आलोक अपने साथियों के साथ प्रयागराज में डिप्टी सीएम केशव मौर्या से मिलने पहुंचे। जब केशव का हेलिकॉप्टर पुलिस लाइन में उतरा तो आलोक उनके स्वागत के लिए पहले से खड़े थे। जब आलोक से जब पूछा गया कि क्या राजनीति में आना चाहते हैं? जवाब था- जनता चाहती है कि मैं राजनीति में आकर सेवा करूं। मैं युवा हूं। लोग युवाओं से ज्यादा जुड़ना चाहते हैं। प्रधानमंत्री भी कहते हैं कि युवाओं को राजनीति में आगे आना चाहिए। मैं उन्हीं से प्रेरित होकर शायद अगला कदम राजनीति की तरफ बढ़ाऊं। दरअसल, ज्योति और आलोक के बीच तलाक-सुलह समझौते का मामला फिर चर्चा में है। इस बीच आलोक ने कहा कि मामला मीडिएशन सेंटर (मध्यस्थता केंद्र) में है। परिवार टूटे नहीं, बसे, इसकी कोशिश है। कोर्ट भी इसी को प्राथमिकता दे रहा। जल्द ही पॉजीटिव न्यूज मिलेगी।इस बारे में जब उनकी ढउर पत्नी ज्योति मौर्या से बात की गई तो उन्होंने कहा- ह्यवे (आलोक) कहां जा रहे-किससे मिल रहे, इससे मुझे क्या। ज्योति ने सुलह समझौते की गुंजाइश से साफ इनकार कर दिया। कहा- आलोक के इश्यू पर कुछ नहीं बोलना चाहती। जो कहना था, पहले ही बता चुकी हूं।

**आयोग बने तो पुरुषों को प्लेटफॉर्म मिले, आत्महत्याएं रुकें**

प्रतापगढ़ में बतौर सफाईकर्मी पोस्टेड आलोक मौर्या ने दैनिक भास्कर से बातचीत में पतियों के उत्पीड़न का मामला उठाया। वह खुद को पत्नी पीड़ित की तरह पेश करने लगे। कहा- मैंने पीएम मोदी को पत्र लिखा है कि पुरुष आयोग बने, ताकि पुरुष अपनी बात रख सकें। उन्होंने कहा- पुरुष अपनी बातें नहीं कह पा रहे हैं। रोज आत्महत्याएं कर रहे हैं।

# बेकाबू कार ने बारातियों को रौंदा

## फूलपुर में द्वारचार के दौरान 1 की मौत, 12 घायल

**अमन लेखनी समाचार**




प्रयागराज, फूलपुर थाना क्षेत्र के बौड़ई कटौता गांव में मंगलवार देर रात शादी की खुशियां उस वक्त मातम में बदल गईं, जब एक तेज रफ्तार अनियंत्रित बोलेरो कार बारातियों के बीच घुस गई। हादसे में 32 वर्षीय रमेश पुत्र हरिहर की मौत हो गई, जबकि करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों में आठ की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद प्रयागराज के जिला अस्पताल रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी शुकरू चौहान की दो बेटियों की शादी कानपुर देहात के उस्मानपुर जमराही निवासी पप्पू के पुत्र राहुल और दीपक के साथ तय थी। मंगलवार रात करीब 12 बजे बारात गांव पहुंची। स्वागत और नाश्ते के बाद बाराती डीजे के साथ लड़की पक्ष के दरवाजे पहुंचे, जहां द्वारचार की रस्म शुरू हुई। रात करीब 2 बजे अधिकांश बाराती सड़क किनारे खड़े होकर रस्म देख रहे थे और डीजे भी वहीं लगा हुआ था।इसी दौरान प्रतापपुर-फूलपुर मार्ग पर प्रतापपुर की ओर से तेज रफ्तार में आ रही बोलेरो कार अचानक अनियंत्रित हो गई और सीधे डीजे से टकराते हुए बारातियों को रौंदती चली गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मौके पर ही अफरा-तफरी मच गई और चीख-पुकार गूंज उठी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के बाद चालक ने भागने की कोशिश की। इस दौरान उसने वाहन को आगे-पीछे तेजी से दौड़ाया, जिससे कई और लोग उसकी चपेट में आ गए। कुछ लोगों ने चालक को पकड़ने की कोशिश भी की, लेकिन वह वाहन समेत मौके से फरार होने में सफल रहा। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों और बारातियों ने सड़क से गुजर रहे वाहनों में तोड़फोड़ शुरू कर दी, जिससे मार्ग के दोनों ओर लंबा जाम लग गया। सूचना के बावजूद पुलिस करीब डेढ़ घंटे बाद मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करते हुए यातायात बहाल कराया।हादसे में घायल लोगों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी फूलपुर ले जाया गया।

# एक रात में पुलिस के हत्थे चढ़े पांच वारंटी

**अमेठी पुलिस ने विशेष अभियान चलाया, दो महिलाएं भी शामिल**

**अमन लेखनी समाचार**

अमेठी, पुलिस ने एक विशेष अभियान के तहत पांच वारंटियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे इस धरपकड़ अभियान में यह सफलता मिली। गिरफ्तार किए गए सभी वारंटियों को न्यायालय में पेश करने की तैयारी की जा रही है। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी के निर्देश पर पूरे जिले में अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बीती रात मोहनगंज पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो महिलाओं सहित पांच वारंटियों को पकड़ा। इन सभी वारंटियों पर विभिन्न मुकदमे दर्ज थे और वे काफी समय से न्यायालय में पेश नहीं हो रहे थे, जिसके कारण उनके खिलाफ वारंट जारी किए गए थे। गिरफ्तार किए गए वारंटियों में सैम्बसी निवासी रामदास यादव पुत्र गुलाम और उनकी पत्नी शोभावती, चेतरा बुजुर्ग निवासी राजा प्रसाद पुत्र सुखराम और उनकी पत्नी सुषमा और अंकित कुमार पुत्र गंगा प्रसाद विश्वकर्मा शामिल हैं। इस गिरफ्तारी अभियान में थाना प्रभारी राकेश सिंह और उनकी टीम शामिल रही। थाना प्रभारी राकेश सिंह ने बताया कि सभी गिरफ्तार वारंटियों को नियमानुसार न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।



# बुजुर्ग से जमीन के नाम पर धोखाधड़ी, 6 पर मुकदमा दर्ज

## करोड़ों की संपत्ति हड़पने का आरोप, कोर्ट के आदेश पर हुई कार्रवाई

**अमन लेखनी समाचार**



सुल्तानपुर, अमिलियाखुर्द गांव में एक बुजुर्ग से करोड़ों की जमीन धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। न्यायालय के आदेश के बाद कोतवाली नगर पुलिस ने इस मामले में छह नामजद आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने धोखे से उसकी करोड़ों की संपत्ति कुछ लाख रुपये में अपने नाम करा ली। अमिलियाखुर्द निवासी 56 वर्षीय महादेव, जो स्वयं को मंदबुद्धि और अनपढ़ बताते हैं, ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने बैंक का कर्ज चुकाने के लिए अपनी जमीन का एक हिस्सा बेचने का मन बनाया था। गांव के हरिकेश यादव उर्फ खन्ने पर महादेव अटूट विश्वास करते थे, जिसने खरीदार ढूंढने में मदद का भरोसा दिया था। आरोप है कि 8 जनवरी को हरिकेश यादव पीड़ित महादेव को तहसील सदर ले गया। वहां उसने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर धोखे से महादेव के अंगूठे के निशान ले लिए। महादेव को बताया गया कि जमीन का सौदा 3 लाख रुपये में हुआ है और उन्हें एक-एक लाख व दो लाख रुपये के दो चेक दिए गए। जब पीड़ित ने बैंक में चेक लगाए, तो वे खाते में पैसे न होने के कारण बाउंस हो गए। बाद में महादेव को पता चला कि आरोपियों ने साजिश रचकर उनकी कुल 0.5460 हेक्टेयर जमीन, जिसकी बाजारू कीमत लगभग 33,60,000 रुपये है, को मात्र 3 लाख रुपये दर्शाकर अपने नाम करा लिया है। पीड़ित ने जब अपने पैसे वापस मांगे, तो आरोपियों ने उसे जातिसूचक गालियां देते हुए चमार कहकर अपमानित किया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस प्रशासन द्वारा सुनवाई न होने पर पीड़ित महादेव ने विशेष न्यायाधीश की शरण ली।

# गौ रक्षा वाहिनी ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**सुल्तानपुर में गोकशी पर सख्त कार्रवाई, फसलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की उठाई आवाज**

**अमन लेखनी समाचार**



सुल्तानपुर, गौ रक्षा वाहिनी ने सोमवार को जिलाधिकारी (डीएम) को एक ज्ञापन सौंपा। इसमें गौवंश संरक्षण, पशु कल्याण, किसानों की सुरक्षा और सुव्यवस्थित पशु प्रबंधन व्यवस्था को लेकर कई महत्वपूर्ण मांगें उठाई गईं। ज्ञापन में भीषण गर्मी में पशुओं के लिए पानी और छाया की व्यवस्था, आवारा गौवंश को गौशालाओं में भेजने के लिए विशेष अभियान चलाने, गौकशी पर सख्त कार्रवाई करने तथा किसानों की फसलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने जैसे अहम मुद्दों पर प्रमुखता से ध्यान आकर्षित कराया गया। इस दौरान प्रदेश प्रभारी सर्वेश कुमार सिंह ने संगठन की ओर से प्रशासन का ध्यान जनपद की जमीनी समस्याओं की ओर खींचा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो समस्या और गंभीर हो सकती है। सिंह ने विशेष रूप से कहा कि भीषण गर्मी में गौवंश की स्थिति अत्यंत दयनीय हो जाती है, इसलिए पानी और छाया की व्यवस्था प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि आवारा पशुओं से किसानों की फसल को भारी नुकसान हो रहा है, जिसके लिए ठोस नीति बनाना आवश्यक है। ज्ञापन में पशु छोड़ने वाले पशुपालकों पर कार्रवाई करने, बीमा घोटालों की जांच कराने, पशु बाजार लाइसेंसधारकों की समीक्षा करने, आवारा कुत्तों के नियंत्रण के लिए नीति बनाने और जनपद स्तर पर हेल्पलाइन/ कंट्रोल रूम स्थापित करने जैसे तत्काल कदम उठाने की भी मांग की गई।

# युवती से गैंग रेप, शौच के लिए गई थी

## गांव के ही 2 युवकों ने की दरिंदगी, दोनों गिरफ्तार

**अमन लेखनी समाचार**




अमेठी, शाम एक युवती से सामूहिक दुष्कर्म की घटना सामने आई है। युवती शौच के लिए खेत में गई थी, तभी गांव के ही दो युवकों ने इस वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। यह घटना गौरीगंज थाना क्षेत्र की है। शाम करीब 7:30 बजे युवती अपने घर के पास स्थित खेत में शौच के लिए गई थी। इसी दौरान गांव के दो युवकों ने उसके साथ जबरदस्ती सामूहिक दुष्कर्म किया। युवती ने जब इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उसकी पिटाई भी की। वारदात को अंजाम देने के बाद, दोनों आरोपी युवती के भाइयों को जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। सुबह पीड़िता ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों नामजद आरोपियों, शिव और प्रदीप को हिरासत में ले लिया है। थाना प्रभारी अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# चाइनीज मांझे से कटी मासूम की गर्दन

## पिता के साथ मोपेड से ननिहाल जाते समय वारदात, जेएनएमसी में भर्ती

**अमन लेखनी समाचार**




अलीगढ़, सासनी गेट थाना क्षेत्र में रात माता- पिता के साथ मोपेड पर बैठकर ननिहाल जा रहे चार साल के लव की गर्दन चाइनीज मांझे से बुरी तरह कट गई। बेटे को लहूलुहान देखकर पिता बेहोश हो गए। वहीं, मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। लोगों ने बच्चे की गर्दन से मांझे को निकालकर निजी अस्पताल पहुंचाया। यहां से उसे जेएन मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। बिहारी नगर निवासी भगवान दास अपनी पत्नी और बेटे लव के साथ मोपेड पर सवार होकर अपनी ससुराल जगन जा रहे थे। शाम करीब 6:30 से 7:00 बजे के बीच जब वे झम्मन लाल मोहल्ले के पास पहुंचे, तभी अचानक हवा में लटकता हुआ मांझा लव की गर्दन में फंस गया। पलक झपकते ही बच्चे की गर्दन से खून निकलने लगा।

**पिता बोले – मैं तो बेहोश हो गया था**

पीड़ित पिता भगवान दास ने बताया कि मांझा इतनी तेजी से लगा कि बच्चे की गर्दन कट गई। मंजर इतना खौफनाक था कि मैं उसे देखकर मौके पर ही बेहोश हो गया। राहगीरों ने हमें संभाला और तुरंत अस्पताल पहुंचाया। बच्चे को पहले निजी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन मामला गंभीर होने के कारण मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जहां डॉक्टरों ने उसे तुरंत ऑपरेशन थिएटर में शिफ्ट कर दिया।

प्रतिबंध के बाद भी बिक रहा मांझाप्रतिबंधित मांझे से अलीगढ़ में कई घटनाएं हो चुकी हैं। पुलिसझ्रप्रशासन ने कुछ समय पहले इसके खिलाफ अभियान भी चलाया था। बावजूद इसके मांझे की बिक्री में कमी नहीं आई है। पीड़ित परिजन का कहना है कि पुलिस और प्रशासन उन दुकानदारों पर कड़ी कार्रवाई करे जो चोरी-छिपे इस मौत के धागे को बेच रहे हैं। उन्होंने कहा कि सिर्फ मेरा बच्चा नहीं, न जाने कितने लोग इस मांझे का शिकार हो रहे हैं। इसे पूरी तरह बंद किया जाना चाहिए।

# पुलिस ने 171 मोबाइल बरामद किए

**40 लाख रुपए है कीमत, एसपी सिटी की अपील- मोबाइल गिरने के बाद जल्द से जल्द शिकायत दर्ज कराए**

**अमन लेखनी समाचार**



शाहजहांपुर, पुलिस ने चोरी हुए और गुम हुए 171 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इन मोबाइलों की अनुमानित कीमत लगभग 40 लाख रुपये बताई जा रही है। पिछले कुछ समय से मोबाइल चोरी और गुम होने की शिकायतें ऑनलाइन प्राप्त हो रही थीं। इन मोबाइलों की बरामदगी के लिए सर्विलांस सेल, एसओजी और साइबर हेल्प डेस्क की टीमों को लगाया गया था। पुलिस को ऑनलाइन और थानों में लगातार मोबाइल चोरी और गुम होने की शिकायतें मिल रही थीं। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए, पुलिस ने संबंधित मोबाइल नंबरों को सर्विलांस पर रखा। सर्विलांस के माध्यम से पुलिस ने इन मोबाइलों की लोकेशन ट्रेस की और उन्हें बरामद करने के प्रयास शुरू किए। इस कार्रवाई के परिणामस्वरूप, पुलिस ने कुल 171 कीमती मोबाइल फोन बरामद किए, जिनकी अनुमानित कीमत 40 लाख रुपये है। बरामद किए गए मोबाइलों के मालिकों की जानकारी जुटाई गई। इसके बाद, सभी मालिकों को संबंधित कागजात के साथ पुलिस लाइन बुलाया गया। पुलिस लाइन में एसपी सिटी देवेंद्र सिंह और मोबाइल बरामद करने वाली टीम मौजूद थी, जिन्होंने एक-एक करके मोबाइल उनके मालिकों को सौंपे। मोबाइल वापस मिलने पर लोगों ने खुशी व्यक्त की। उन्होंने बताया कि जब उनके मोबाइल चोरी हुए या गुम हुए थे, तब उन्हें दोबारा मिलने की उम्मीद नहीं थी। कुछ लोगों ने शिकायत दर्ज कराने के बाद नए मोबाइल खरीद लिए थे, लेकिन पुलिस की कार्रवाई से उन्हें अपने पुराने मोबाइल वापस मिल गए। लोगों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया। एसपी सिटी देवेंद्र सिंह ने बताया कि कुल 171 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं और उन्हें उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिया गया है।

# विधवा महिला ने बेटे पर दर्ज मुकदमे को बताया फर्जी

**एसपी से की निष्पक्ष जांच की मांग, सीसीटीवी फुटेज का दिया हवाला**

**अमन लेखनी समाचार**



प्रतापगढ़, अंतू थाना क्षेत्र के बिहारगंज बाजार इलाके में एक विधवा महिला ने अपने बेटे के खिलाफ दर्ज मुकदमे को फर्जी बताते हुए पुलिस अधीक्षक (एसपी) से निष्पक्ष जांच की मांग की है। महिला का आरोप है कि पुरानी रंजिश के चलते विपक्षी पक्ष ने साजिशन झूठा मुकदमा दर्ज कराकर उनके बेटे को फंसाने का प्रयास किया है। महिला के अनुसार, विपक्षी ने उसके बेटे पर मारपीट, अवैध वसूली और फिरौती जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायत में घटना का समय रात 8:30 बजे दशार्या गया है। साक्ष्यों के आधार पर जांच की जा रही महिला का दावा है कि घटना के समय उसका बेटा बिहारगंज बाजार स्थित अपनी मांस की दुकान पर मौजूद था। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में उसका बेटा साफ तौर पर दिखाई दे रहा है, जो आरोपों को निराधार साबित करता है। महिला ने विपक्षी अमित जायसवाल पर आरोप लगाया है कि उन्होंने काल्पनिक कहानी बनाकर मुकदमा दर्ज कराया है। उनका कहना है कि विपक्षी जानबूझकर उनके परिवार को परेशान करना चाहता है। पीड़िता ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच कराई जाए, ताकि सच्चाई सामने आ सके और उनके बेटे को न्याय मिल सके। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि शिकायत प्राप्त हो गई है

# सपा प्रतिनिधिमंडल को मानिकपुर जाते समय रोका गया

**पीड़ित परिवार से डाक बंगले में मिले, 2 लाख की मदद, निष्पक्ष जांच की मांग**

**अमन लेखनी समाचार**



प्रतापगढ़, मानिकपुर थाना क्षेत्र में हुई युवती की हत्या के मामले में जिले में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई। समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिवार से मिलने कुंडा पहुंचा, लेकिन पुलिस ने उन्हें प्रयागराज लखनऊ राजमार्ग पर शेखपुर इलाके में रोक लिया। प्रतिनिधिमंडल में कौशांबी सांसद पुष्पेंद्र सिंह, रानीगंज विधायक डॉ. आरके वर्मा, सपा जिला सचिव अब्दुल कादिर जिलानी और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष रामअवध यादव काका सहित कई नेता शामिल थे। पुलिस ने कानून-व्यवस्था का हवाला देते हुए शेखपुर में सपा नेताओं के काफिले को आगे बढ़ने से रोक दिया। काफी देर तक बातचीत के बाद प्रशासन ने प्रतिनिधिमंडल को सीधे गांव जाने की अनुमति नहीं दी और उन्हें कुंडा डाक बंगले ले जाया गया।

बाद में, प्रशासन की मौजूदगी में पीड़ित परिवार को डाक बंगले बुलाया गया। यहां सपा नेताओं ने उनसे मुलाकात की, घटना पर दुख व्यक्त किया और हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की ओर से प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिवार को 2 लाख रुपये का चेक सौंपा। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। पूरे घटनाक्रम के दौरान डाक बंगले और आसपास भारी पुलिस बल तैनात रहा। सपा नेताओं के लौटने के बाद पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली।

## संक्षेप

### पुलिस पर लापरवाही का आरोप

**निष्पक्ष जांच न करने का दावा, शिकायतकर्ता को एएसपी ने दिया आश्वासन**

बागपत ,चांदीनगर थाना क्षेत्र के फुलेरा गांव निवासी पवन कुमार ने पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए एसपी कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने आरोप लगाया है कि चांदीनगर थाना पुलिस उनके दर्ज मुकदमे की निष्पक्ष जांच नहीं कर रही है और मामले में लापरवाही बरत रही है | पवन कुमार ने बताया कि जांच के दौरान कई महत्वपूर्ण तथ्यों को नजरअंदाज किया गया है। उनका आरोप है कि मामले को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे उन्हें न्याय मिलने में बाधा आ रही है।उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने घटना से संबंधित सभी साक्ष्य पुलिस को उपलब्ध कराए थे, लेकिन उन पर उचित ध्यान नहीं दिया गया। शिकायतकर्ता ने मेडिकल रिपोर्ट (एमएलसी) तैयार करने में भी लापरवाही का आरोप लगाया है।पवन के अनुसार, मेडिकल जांच के दौरान सही तथ्यों को दर्ज नहीं किया गया, जिससे उनका मामला कमजोर हो सकता है। उन्होंने आशंका व्यक्त की कि यदि समय रहते उचित कार्रवाई नहीं हुई तो आरोपियों को इसका लाभ मिल सकता है | वहीं चांदीनगर कोतवाली प्रभारी अतर सिंह का कहना है कि इसमें पहले ही नियम अनुसार कार्रवाई की जा चुकी है पवन कुमार ने एसपी से मामले की निष्पक्ष और गहन जांच कराने की मांग की है।उन्होंने संबंधित पुलिसकर्मियों की भूमिका की भी जांच करने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आग्रह किया।पवन ने कहा कि उन्हें न्याय व्यवस्था पर भरोसा है, लेकिन इसके लिए प्रशासन को निष्पक्षता से काम करना होगा। एएसपी प्रवीण कुमार ने कहा है कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोप

**पिता एसपी कार्यालय पहुंचा, एएसपी ने दिया आश्वासन**

बागपत , एक नाबालिग से दुष्कर्म का आरोप सामने आया है।कार्रवाई न होने से परेशान पीड़ित पिता ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है और न्याय की गुहार लगाई है।पीड़ित पिता के अनुसार, उनका पुत्र खेत की ओर गया था, तभी एक युवक उसे जबरन खींचकर ले गया और उसके साथ गलत हरकत की।आरोप है कि घटना के बाद बच्चे को जान से मारने की धमकी दी गई, जिससे वह काफी डरा हुआ है।पिता का कहना है कि घटना की सूचना पुलिस को दी गई थी, लेकिन अभी तक इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

### युवक की गोली मारकर हत्या

**उपचार के दौरान मौत, पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी**

मेरठ , गोली लगने से घायल युवक की अस्पताल में मौत हो गई।आरोपियों ने शनिवार को उसके गोली मारी थी। पुलिस आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है।जानकारी के अनुसार, ऊंचा सद्दीकनगर निवासी मुन्तियाज के 20 वर्षीय बेटे अमन की हत्या हुई है।अमन लालकुर्ती पैठ में ठेले पर कपड़े बेचकर परिवार का भरण-पोषण करता था। शनिवार रात खाना खाने के बाद अमन घर के बाहर गली में टहल रहा था।तभी बाइक सवार दो बदमाश वहां पहुंचे और उससे मारपीट करने लगे।विरोध करने पर एक हमलावर ने पीछे से अमन के सिर में गोली मार दी।गोली लगने के बाद अमन गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा।

# विद्यालय में आयोजित हुआ साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम

**प्रशासन ने बच्चों को सुरक्षात्मक तरीके से जीवन यापन के लिए किया जागरूक**

अमन लेखनी समाचार




अमौली, फतेहपुर। जनपद के अमौली विकासखंड कस्बे अंतर्गत बद्री प्रसाद दुलीचंद उमराव इंटर कॉलेज में साइबर क्राइम से बचाव हेतु प्रशासन की अगुवाई में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में मौजूद अमौली चौकी प्रभारी जयप्रकाश यादव आरक्षी नरेंद्र सिंह अमित कुमार मधू यादव आदि का विद्यालय के प्रबंधक राजेंदर सिंह पटेल व विद्यालय परिवार ने भव्य स्वागत किया वही चौकी प्रभारी ने कक्षा 6 से इंटरमीडिएट तक के छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधों की छानबीन तथा उससे बचाव हेतु महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की चौकी प्रभारी ने बताया कि वर्तमान में साइबर अपराधी लोगों को सोशल मीडिया के माध्यम से क्यूआर कोड स्कैन मैसेज लिंक फर्जी कॉल तथा ऑनलाइन ठगी आदि का शिकार बना रहे हैं जिसके लिए किसी भी प्रकार की ओटीपी एटीएम पिन या अपने बैंक खाते की डिटेल को किसी अनजान व्यक्ति के साथ साझा न किया जाए इसके साथ-साथ प्रशासन ने व्हाट्सएप हैंगिंग कंप्यूटर हैंगिंग ऑनलाइन शॉपिंग यूपीआई फ्रॉड इत्यादि के बारे में भी विस्तृत रूप से जानकारियां बच्चों के साथ साझा की वही साइबर हेल्पलाइन हेतु बच्चों को हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में भी बताया गया इस मौके पर विद्यालय की प्रबंधिका सविता सिंह महेंद्र सिंह सुरेंद्र सिंह सविता शिक्षक विजय त्रिपाठी अनुराग शुक्ला मोनू रोहित अभिषेक अमित मनीष अरविंद नरेंद्र आशुतोष नरेश अंबरीश अजीत समेत सभी शिक्षक व विद्यालय के सभी बच्चे मौजूद रहे प्रशासन के इस सराहनीय कार्य को देखते हुए विद्यालय के प्रबंधक राजेंदर सिंह पटेल ने पुलिस प्रशासन का सादर आभार व्यक्त किया

# बिंदकी बार एसोसिएशन के चुनाव के मतदाता सूची हुई जारी

**26 मई को 227 मतदाता करेंगे अध्यक्ष महामंत्री आदि का चुनाव**

अमन लेखनी समाचार /शोभित शुक्ला




फतेहपुर।जनपद के बिंदकी बार एसोसिएशन अधिवक्ता संघ के चुनाव हेतु मतदाता सूची जारी हुई एल्डर कमेटी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार कल 7 मई एवं 8 मई को संघ के अध्यक्ष महामंत्री समेत सभी पदों के नामांकन कराए जाएंगे नामांकन के पश्चात आगामी 26 मई को प्रातः काल से मतदान प्रारंभ होगा जिसकी गणना 26 मई को ही शाम तक संपन्न कर दी जाएगी तहसील सभागार कक्ष अंतर्गत जानकारी देते हुए एल्डर कमेटी के सदस्य अधिवक्ता रमाकांत तिवारी ने बताया कि अधिवक्ता संघ चुनाव के मतदाताओं में 227 मतदाताओं की सूची जारी हो गई है जबकि कई अधिवक्ताओं ने इस पर आपत्ति जताई वही अधिवक्ताओं ने बताया कि अभी इसमें संशोधन की कोई आवश्यकता नहीं है वहीं सदस्यों ने बताया कि मतदाता सूची में कुछ लोगों के नाम दो स्थानों पर हैं तथा कुछ नाम छूटे हुए हैं इसके विषय में पुनः वार्ता की जाएगी कल से प्रारंभ होने वाले नामांकन के पश्चात आगामी 12 मई को नामांकन पत्रों की जांच तथा 13 मई को प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी कर दी जाएगी जहां 26 मई को हुए मतदान के पश्चात शाम समय सभी विजेता अधिवक्ताओं के भी परिणाम घोषित किए जाएंगे

# सेंट्रल मार्केट के 42 भवनों में नहीं छोड़ना होगा सेटबैक

**नई स्किम के तहत राहत के आसार, अभी तक 710 पर नोटिस चस्पा किए जा चुके**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , सेंट्रल मार्केट प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर आवास एवं विकास परिषद ने स्कीम नंबर - सात के तहत आवासीय भवनों में व्यावसायिक गतिविधियों पर अबतक 815 संपत्तियों पर नोटिस जारी किया है। पूरी स्कीम में 42 ऐसे अल्प और कमजोर आय वर्ग के लोगों भी मकान हैं, जिनमें सेट बैंक का प्रावधान आवंटन के समय नहीं था।ऐसे में अब इन भवनों में सेट बैंक छोड़ने की अनिवार्यता नहीं होगी। आवास विकास विभाग के अफसरों के मुताबिक सेक्टर-एक से 13 तक स्कीम नंबर सात में कुल 860 आवासीय संपत्तियों में व्यावसायिक गतिविधियां चिह्नित की गई थीं।इनमें से 815 संपत्तियों पर कार्रवाई चल रही है। इनमें से 710 पर नोटिस चस्पा किया जा चुका है। सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार इन दुकानदारों को दो सप्ताह का समय दिया गया है। यदि निर्धारित समय में निर्माण नहीं हटाया गया तो जिला प्रशासन ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करेगा।इन भवनों के स्वामियों को मिल सकेगी राहतकरेगा और उसका खर्च भी दुकानदारों से ही वसूला जाएगा।बृहस्पतिवार को जब आवास विकास की टीम नोटिस चस्पा करने पहुंची थी तो महिलाओं ने कड़ा विरोध किया था। महिलाओं ने न केवल नोटिस फाड़े थे बल्कि अधिकारियों को लौटने पर मजबूर भी कर दिया था।

सुप्रीम कोर्ट का आदेश है कि सभी को नोटिस भेजा जाए।

# स्विमिंग पूल में डूबकर बच्चे की मौत

**देर तक पानी से बाहर नहीं आया, फिर लाश मिली; 8 साल पहले भी हादसा हुआ था**

अमन लेखनी समाचार


आकिल, मृतक

मेरठ , शाम एक निजी स्विमिंग पूल में डूबने से 12 वर्षीय आकिल की मौत हो गई।बताया जा रहा है कि बच्चा काफी देर तक पानी में डूबा रहा और समय पर मदद नहीं मिल सकी।घटना लिसाड़ीगेट के पिल्लोखड़ी पुल के पास स्थित एक निजी स्विमिंग पूल की है। स्विमिंग पूल कोतवाली के जाटव गेट के रहने वाले वासेगाजी का बताया जा रहा है।जिसे उसने श्याम नगर गली नंबर-2 के रहने वाले यासर और वसीम को ठेके पर दे रखा है।आकिल पुत्र युसूफ शाम नहाने के लिए पूल पर गया था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, काफी देर तक बच्चा पानी से बाहर नहीं निकला, जिससे ठेकेदार वसीम को शक हुआ। जब उसने पूल में जाकर देखा तो आकिल पानी में डूबा मिला। बच्चे को तुरंत निकालकर हापुड़ रोड स्थित अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।वहीं पुलिस ने पूल संचालकों को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है। दोपहर से लापता था आकिल, सोशल मीडिया से हुई पहचान आकिल लिसाड़ी गेट के मोहल्ला तारापुरी आरा मशीन वाली गली का रहने वाला था। उसके मौसेरे भाई ने बताया कि आकिल दोपहर से लापता था। बाद में सोशल मीडिया पर फोटो देखकर उसकी पहचान की गई।परिवार और मोहल्ले के लोग अस्पताल पहुंच गए, जहां गम का माहौल बन गया।प्रारंभिक जांच में सामने आया कि स्विमिंग पूल अवैध तरीके से संचालित हो रहा था।वहां न कोई लाइफगार्ड मौजूद था, न सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम और न ही सीसीटीवी कैमरे लगे थे।पुलिस ने पूल संचालक और ठेकेदार को हिरासत में ले लिया है।8 साल पहले भी इसी पूल में गई थी जान पुलिस ने स्विमिंग पूल संचालक ठेकेदार और मालिक वसीम दोनों को हिरासत में ले लिया।स्थानीय लोगों के अनुसार, स्विमिंग पूल पूरी अवैध तरीके से चल रहा था। इसमें न कोई गार्ड था न सिक्योरिटी सिस्टम और न ही सीसीटीवी कैमरे थे। देर रात तक थाने पर घटना की तहरीर नहीं दी गई थी। पुलिस मामले की जांच कर रही थी। आठ साल पहले भी इसी पूल में एक 15 साल के किशोरी की डूबने से मौत हो गई थी और तब इसे सील किया गया था। मजदूरी करता है पिता, चार बच्चों में दूसरे नंबर पर था आकिल आकिल के पिता युसूफ पुताई का काम करते हैं। उनके चार बच्चे बेटी 14 वर्षीय निशा, 12 वर्षीय आकिल, 8 वर्षीय ताजिम व 3 वर्षीय अलीशान है। युसुफ ने बताया कि शाम पांच बजे आकिल मोहल्ले के बच्चों संग पिलोखड़ी रोड जनकपुरी स्थित वाटरलैंड स्विमिंग पूल पर नहाने गया था।आकिल की मां का नाम नरगिस है। आकिल मंदबुद्धि था।

# युवक पर जानलेवा हमला; विडियो

**सीसीटीवी में कैद हुई वारदात, परिजनों ने पुलिस पर कार्रवाई में देरी का आरोप लगाया**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , मवाना थाना क्षेत्र के प्रीत नगर स्थित तिहाई मोहल्ले में पुरानी रंजिश के चलते घर में घुसकर जानलेवा हमले का मामला प्रकाश में आया है।इस संबंध में भीम आर्मी के कार्यकताओं ने पीड़ित परिवार के साथ ररढ कार्यालय पहुंच कर शिकायत की।आरोप है कि क्षेत्र के रहने वाले फूलराज और उसके परिवार के लोगों ने बीती 30 अप्रैल को पीड़ित के घर में घुसकर उसके बेटे विपिन पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में विपिन को गंभीर चोटें आई हैं और उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। परिजनों के अनुसार मारपीट में विपिन को गंभीर चोट लगी है।घटना के बाद पहले उससे मवाना के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां से उसे मेरठ रेफर कर दिया गया था उसके बावजूद भी विपिन की हालत में कोई सुधार नहीं हुआ और उसे दिल्ली रेफर कर दिया। अभी भी उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। मारपीट की घटना पड़ोसी के घर में लगे उउळश में कैद हो गई।भीम आर्मी के कार्यकताओं का आरोप है की देखने के बाद पुलिस ने बमुश्किल मुकदमा दर्ज किया।इसमें भी पुलिस द्वारा हल्की धारा लगा दी गई। इस संबंध में उन्होंने ररढ से शिकायत करते हुए कारवाई की मांग की।भीम आर्मी के कार्यकताओं का कहना है की संबंधित थाने की पुलिस द्वारा पीड़ित परिवार पर दबाव बनाया जा रहा है और अगर मुकदमे में धाराएं नहीं बढ़ाई जाती और आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की जाती है

# आग से 5 झुग्गी-झोपड़ी जली

**फायर ब्रिगेड ने 50 मिनट में पाया काबू, सिलेंडर फटते तो जातीं कई जान**

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद , वसुंधरा इलाके में सुबह आग से पांच झुग्गी झोपड़ी जलकर राख हो गई। गनीमत रही कि इनमें रहने वाले लोग आग की चपेट में नहीं आए। आग की सूचना पर फायर स्टेशन वैशाली से दमकल की गाड़ियों को रवाना किया गया।जहां करीब 50 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग के कारणों का पता नहीं चल सका है।गनीमत रही कि सिलेंडर नहीं फटे, यहां गैस के सिलेंडर भी रखे हुए थेआसपास की झोपड़ियों को बचाया गयाआग से मेरठ निवासी शिलाजुद्दीन, मध्यप्रदेश निवासी मनीराम, हरोई निवासी नरेश, हरदोई निवासी राजेश और मेरठ निवासी महाराज की झुग्गी झोपड़ी खाक हो गईं। आग सुबह साढ़े 5 बजे लगी। जहां सीएफओ राहुल पाल भी मौके पर पहुंचे और दमकल की 3 गाड़ियों को भेजा गया। चारों तरफ आग की लपटें और धुआं फैलने लगा।आग की घटना पर मौके पर अफरा तफरी मच गई। जहां इनमें रहने वाले महिलाओं और बच्चों को सुरक्षित हटाया गया। उस समय जाग गए थे लोगशिलाजुद्दीन ने पुलिस और फायर कर्मियों को बताया कि सुबह के समय जब आग लगी तो मैं जाग गया था।जैसे ही पास की झुग्गी में आग लगी तो शोर मचाते हुए मैंने परिवार के लोगों को बाहर निकाला। आसपास की झुग्गियों में पहुंचकर भी शोर मचाया।यदि आग एक घंटा पहले लगती तो बच्चे और महिलाएं भी चपेट में आ सकतीं थीं। सीएफओ राहुल पाल ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। आसपास जो अन्य झुग्गी झोपड़ी थीं उन्हें बचा लिया गया है।

# भीषण आग, बाप-बेटी की दम घुटने से मौत

**सोते वक्त 2 परिवार के 12 लोग फंसे; लाखों के सामान जलकर खाक**

अमन लेखनी समाचार




मेरठ , एक मकान में लगी भीषण आग में दम घुटने से 8 साल की बच्ची और उसके पिता की मौत हो गई। जबकि 2 परिवार के 10 लोग गंभीर रूप से झुलस गए हैं।जिस समय आग लगी उस समय उस मकान में रह रहे लोग सो रहे थे। जब तक लोग कुछ समझ पाते आग ने पूरे मकान को चपेट में ले लिया, चारो तरफ आग और धुआं फैल गया।सूचना पाकर मौके पर पहुंची दमकल गाड़ियां पहुंच गईं।रेस्क्यू कर लोगों को बाहर निकाला गया और अस्पताल में भर्ती कराया गया।रविवार मध्यरात्रि के बाद की यह घटना पल्लवपुरम थानाक्षेत्र के रोशनपुर डोरली की है। डॉक्टर्स के अनुसार, इलाज के दौरान बच्ची और उसके पिता की मौत हो गई।दोनों के फेफड़ों में धुआं भर गया था। जबकि अन्य 10 लोगों का इलाज चल रहा।आग लगने की वजह फिलहाल सामने नहीं आ सकी है।हालांकि, शार्ट सर्किट से आग की आशंका जताई जा रही।रोशनपुर डोरली में किला परीक्षितगढ़ के रहने वाले सतीश का एक मकान है।मकान के आगे के हिस्से में दो दुकानें हैं।दोनों दुकानों में कृष्ण पाल टेंट हाउस चलाते हैं।इसके अलावा पीछे के हिस्से में 5 कमरे और दो किचन है। इसमें दो परिवार किराए पर रहता है। पहला परिवार सागर गिरी का है।वह अपनी मां कांति, पत्नी ज्योति, 8 साल की बेटी शिवानी और दोनों बेटे शिव और करण के साथ रह रहे थे। जबकि दूसरा परिवार संजय का है। संजय अपनी पत्नी सरिता, बेटी भावना और बेटे आशु, प्रिंस व करण के साथ रहते थे।रात करीब डेढ़ बजे लगी आगपड़ोसियों के अनुसार, रविवार मध्य रात्रि के बाद करीब 1.30 बजे अचानक आग लग गई।आग कुछ ही पल में पूरे मकान को चपेट में ले ली। अंदर परिवार के लोग सो रहे थे।वे जबतक जागते आग ने पूरी मकान को चपेट में ले लिया।आग की लपटों को देखकर कुछ लोगों ने फायर ब्रिगेड डिपार्टमेंट को फोन किया।सूचना पर पल्लवपुरम थाने की पुलिस के अलावा दमकल की दो गाड़ियां पहुंची। आग पर काबू पाने की कोशिशों के साथ अंदर फंसे लोगों का रेस्क्यू कराया जाने लगा। सभी 12 लोगों को बाहर निकाला गया।गंभीर रूप से झुलसे होने की वजह से उनको पास के ग्लोबल अस्पताल पहुंचाया गया।पिता-पुत्री ने दम तोड़ा, 10 झुलसेफायर ब्रिगेड ने 12 लोगों को मकान से बाहर निकाला।सागर गिरी (35 वर्ष) और उनकी 8 साल की बेटी शिवानी की दम घुटने से मौत हो गई। डॉक्टर्स ने बताया कि दोनों के फेफड़ों में काफी धुआं भर चुका था।

# पुलिस मुठभेड़ में चेन स्नैचर गिरफ्तार

**पैर में गोली लगने से घायल, दूसरा साथी फरार; कई मामले दर्ज**

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर , ग्रेटर नोएडा के थाना बीटा-2 क्षेत्र में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान पुलिस ने एक शातिर चेन स्नैचर को गिरफ्तार किया है। जवाबी फायरिंग में बदमाश के पैर में गोली लगी, जबकि उसका दूसरा साथी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया।पुलिस के अनुसार, बीटा-2 थाना पुलिस टीम ओमेक्स गोलचक्कर के पास संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी।इसी दौरान एक अपाचे मोटरसाइकिल पर दो संदिग्ध व्यक्ति आते दिखाई दिए।पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया, लेकिन बदमाशों ने भागने का प्रयास किया और पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी। आत्मरक्षा में की गई कार्रवाई के दौरान एक बदमाश गोली लगने से घायल होकर गिर पड़ा।उसकी पहचान सोनू श्रीवास्तव के रूप में हुई है, जो वर्तमान में भंगेल क्षेत्र में रह रहा था।पुलिस ने उसके पास से एक अवैध तमंचा, कारतूस, चोरी की मोटरसाइकिल और लूटी गई सोने की चेन बरामद की है।जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार बदमाश एक शातिर अपराधी है।उसने बीते 11 अप्रैल को जगतफार्म मार्केट से एक महिला से चेन लूटी थी।

# तीन युवकों ने नाबालिग को बंधक बनाकर पीटा

**10 मिनट तक हाथ जोड़कर गिड़गिड़ाता रहा, दोस्तों के पहुंचने पर धमकी देकर भागे**

अमन लेखनी समाचार




नोएडा, नाबालिग के कपड़े उतरवाकर पिटाई करने का मामला सामने आया है।आरोप है कि नशे में धुत तीन युवकों ने उसे कमरे में बंधक बना लिया।उसके बाद डंडों से उसकी पिटाई की। लड़का हाथ जोड़कर खुद को छोड़ने के लिए गिड़गिड़ाता रहा लेकिन उन्होंने उसे नहीं छोड़ा। उसे 10 मिनट तक बेहरमी से पीटते रहे।उसका वीडियो भी बनाया लड़के के दोस्त जब कमरे में पहुंचे तो आरोपियों ने उसे शिकायत न करने की धमकी दी। उसके बाद छोड़कर भाग गए। दोस्त उसे लेकर अस्पताल पहुंचे। वहां पर उसका इलाज कराया।परिजन को सूचना दी।परिजन ने आरोपियों के खिलाफ थाने में तहरीर दी।पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।उनसे पूछताछ की जा रही है।घटना फेज तीन थान-पीजी में दोस्त का बर्थडे मनाने गया थमामूरा गांव रहने वाला एक किशोर आठवीं कक्षा में पढ़ता है। वह पड़ोस के पीजी में केयर टेकर का भी काम करता है।उसके एक दोस्त का शनिवार को जन्मदिन था।किशोर ने अपने चार दोस्तों के साथ मिलकर पीजी में जन्मदिन मनाया। किशोर पीजी में रात करीब तीन बजे आराम कर रहा था।जबकि तीन दोस्त चौथे दोस्त को गिझौड़ गांव छोड़ने चले गए थे। आधी रात नशे में पीजी में तीन युवक घुस आए इसी बीच मामूरा के रहने वाले विनेश, वंश, कृष्णा नाम के तीन युवक पीजी में नशे में घुस गए।शोरगुल सुनकर किशोर ने टोका तो तीनों नाराज हो गए। उनमें से दो युवकों ने किशोर को गैस के पाइप और डंडे से पीटना शुरू कर दिया।हाथ जोड़कर खुद को छोड़ने के लिए गिड़गिड़ाता रहा लेकिन उन्होंने उसे नहीं छोड़ा।

# एक-दूसरे का हाथ पकड़कर तीसरी मंजिल से कूदे गर्लफ्रेंड-बॉयफ्रेंड

**युवक की मौत, लड़की को नोएडा से दिल्ली रेफर किया गया**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा , एक युवक और युवती तीसरी मंजिल से कूद गए। दोनों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया।वहीं युवती की हालत गंभीर है। उसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में रेफर किया गया है।युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना देर रात की है। पुलिस ने बताया कि सोमवार सुबह पांच के आसपास उनको सूचना मिली। पुलिस ने बताया कि मेरठ के उल्देपुर निवासी पुनीत उम्र 35 साल और कुमारी विद्या दास 20 साल ने सुसाइड करने की नियत से तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी दोनों को गंभीर हालत में उपचार के लिए पुलिस ने नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया।वहां पर डॉक्टरों ने पुनीत को मृत घोषित कर दिया।रात में युवक से मिलने आई थी युवती प्राथमिक जांच में सामने आया कि दोनों एक दूसरे से प्रेम करते थे।

# मारपीट व जातिसूचक टिप्पणी का आरोप, भीम आर्मी ने दी आंदोलन की चेतावनी

अमन लेखनी समाचार



झांसी। जनपद झांसी के थाना टोड़ी फतेहपुर क्षेत्र के ग्राम ढुरबई में अहिरवार समाज के एक युवक के साथ मारपीट और जातिसूचक शब्दों के प्रयोग का मामला सामने आया है। पीड़ित रविंद्र पुत्र परशुराम ने आरोप लगाया कि गांव के ही कुछ लोगों ने उसके घर में घुसकर गाली-गलौज की, जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया और जान से मारने की धमकी दी। इस घटना में उसके साथ मारपीट भी की गई। पीड़ित का कहना है कि उसने न्याय के लिए कई अधिकारियों से गुहार लगाई, लेकिन संतोषजनक कार्रवाई नहीं होने पर उसने भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष डॉ. रणजीत सिंह से संपर्क किया। मामले को गंभीरता से लेते हुए डॉ. रणजीत सिंह पीड़ित परिवार से मिलने गांव पहुंचे और पूरी घटना की जानकारी ली। इसके बाद उन्होंने पुलिस प्रशासन से मुलाकात कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के भीतर उचित कार्रवाई नहीं की गई तो भीम आर्मी द्वारा बड़ा आंदोलन किया जाएगा और पीड़ित परिवार को हर हाल में न्याय दिलाया जाएगा। भीम आर्मी की चेतावनी के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है। वहीं पुलिस प्रशासन ने मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इस दौरान भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष के साथ इंजीनियर सोनू कुमार आजाद, नरेंद्र चौधरी, सोनू जाटव, अनूप आजाद (मंडल अध्यक्ष झांसी), भानु प्रताप, प्रीतम गौतम, राहुल बाबा, अभिषेक चौधरी, प्रदीप राज, मोहम्मद ताज अली, राज चौधरी, जगदीश प्रसाद और गौरव चौधरी सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मल्लावां हत्याकांड का खुलासा: 50 हजार का इनामी बदमाश मुठभेड़ में ढेर, एसओजी प्रभारी घायल

**7 वर्षीय मासूम की हत्या मामले में बड़ी कार्रवाई, कई जनपदों में दर्ज थे एक दर्जन मुकदमे**

अमन लेखनी समाचार

हरदोई के मल्लावां थाना क्षेत्र में 7 वर्षीय मासूम की हत्या के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। घटना के अनावरण के लिए गठित टीम ने 50 हजार रुपये के इनामी अभियुक्त को मुठभेड़ में मार गिराया। हालांकि इस दौरान एसओजी प्रभारी भी गोली लगने से घायल हो गए, जिनका उपचार जिला अस्पताल में जारी है। गौरतलब है कि 5 मई 2026 को मटियामऊ गांव के पास मक्के के खेत में एक सात वर्षीय बालक का शव बरामद हुआ था। इस हृदयविदारक घटना के बाद पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए लखनऊ परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक द्वारा मुख्य अभियुक्त पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। इसी क्रम में 6 मई को पुलिस को सूचना मिली, जिसके आधार पर मल्लावां क्षेत्र में घेराबंदी की गई। पुलिस और बदमाश के बीच हुई मुठभेड़ में इनामी अभियुक्त #मेनूर उर्फ शेनूर उर्फ मेहनुद्दीन, निवासी रोरा निस्तौली टठिया, जनपद कन्नौज, गोली लगने से घायल हो गया। उसे तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मुठभेड़ के दौरान एसओजी प्रभारी #राजेश कुमार भी गोली लगने से घायल हो गए। उनका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है और उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, मृत अभियुक्त के खिलाफ विभिन्न जनपदों में लगभग एक दर्जन आपराधिक मुकदमे दर्ज थे। घटना स्थल का निरीक्षण वरिष्ठ अधिकारियों और फील्ड यूनिट द्वारा किया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच जारी है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का 15 मई को होगा शपथ ग्रहण समारोह

**–मुख्यअतिथि यूपी बार काउंसिल के पूर्व चेयरमैनगण हरिशंकर सिंह एडवोकेट व पांचू राम मौर्य एडवोकेट दिलाएंगे शपथ।**

**–विशिष्ट अतिथि सांसद छोटेलाल सिंह खरवार व एमएलसी स्नातक क्षेत्र वाराणसी आशुतोष सिन्हा एडवोकेट रहेंगे मौजूद।**

**–तहसील सभागार रॉबर्ट्सगंज में किया गया है आयोजन।**



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन, सोनभद्र की मंगलवार को एक आवश्यक बैठक डीबीए भवन में हुई, जिसमे सत्र 2025-26 के लिए नवनिर्वाचित अध्यक्ष एड अरुण कुमार सिंह, महामंत्री एड राजेन्द्र कुमार यादव एवं समस्त कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह के सम्बंध में विचार-विमर्श किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से 15 मई को पूर्वान्ह 11.00 बजे तहसील सभागार रॉबर्ट्सगंज में शपथग्रहण समारोह के आयोजन का निर्णय लिया गया है। मीडिया प्रभारी राजेश यादव एडवोकेट ने बताया कि मुख्यअतिथि यूपी बार काउंसिल के पूर्व चेयरमैनगण हरिशंकर सिंह एडवोकेट एवं पांचूराम मौर्य एडवोकेट द्वारा नवनिर्वाचित पदाधिकारियों व कार्यकारिणी को शपथ दिलाई जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद छोटे लाल सिंह खरवार व आशुतोष सिन्हा एडवोकेट एमएलसी स्नातक क्षेत्र वाराणसी भी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा जनपद के वरिष्ठ अधिवक्तागण, न्यायिक अधिकारीगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। मीडिया प्रभारी राजेश यादव एड ने कहा कि अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा और न्याय व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए हम सब प्रतिबद्ध हैं। डीबीए के उपाध्यक्ष चतुर्भुज शर्मा एडवोकेट ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए एसोसिएशन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प दोहराया। बैठक की अध्यक्षता निवर्तमान अध्यक्ष जगजीवन सिंह एडवोकेट व संचालन पूर्व उपाध्यक्ष कामता प्रसाद यादव एडवोकेट ने किया। इस अवसर पर श्याम विहारी यादव एड, पवन कुमार सिंह एड, पूर्व अध्यक्ष विंध्यवासिनी सिंह एड, राजेश कुमार यादव एड, संतोष कुमार यादव एड, विमल प्रसाद सिंह एड, विनीता एड, द्वारिका नाथ नागर एड, आशुतोष देव पांडेय एड, अभिषेक मौर्य एड आदि लोग मौजूद रहे।

## खास समाचार

# वरिष्ठ पत्रकार विकास मिश्रा की माताजी का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

अमन लेखनी समाचार

सवायजपुर। क्षेत्र के पत्रकार विकास मिश्रा की माताजी सुमन मिश्रा का मंगलवार को निधन हो गया। वह पिछले काफी समय से अस्वस्थ चल रही थीं और उनका उपचार भी चल रहा था। उन्होंने अपने आलियापुर स्थित आवास पर अंतिम सांस ली। माताजी के निधन की खबर मिलते ही परिवार में शोक की लहर दौड़ गई, वहीं क्षेत्र के लोगों में भी गहरा दुःख व्याप्त हो गया। सुमन मिश्रा अपने मिलनसार स्वभाव और सरल व्यवहार के लिए जानी जाती थीं, जिसके चलते समाज में उनका विशेष सम्मान था। निधन के पश्चात उनका अंतिम संस्कार पंचाल घाट पर विधि-विधान के साथ संपन्न किया गया, जहां बड़ी संख्या में लोग उपस्थित होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दुखद समाचार की जानकारी मिलते ही क्षेत्र के कई गणमान्य लोग शोक संतप्त परिवार से मिलने पहुंचे। क्षेत्रीय विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू ने भी उनके आवास पहुंचकर परिवारजनों को ढांढस बंधाया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इसके अलावा पत्रकारों, सामाजिक कार्यकताओं और स्थानीय लोगों ने भी शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा परिवार को इस कठिन समय में धैर्य रखने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।

# खेतुई से पिहानी चुंगी तक फोरलेन निर्माण शुरू, श्रेय की सियासत के बीच जनता को बड़ी राहत

अमन लेखनी समाचार

हरदोई में खेतुई से पिहानी चुंगी तक प्रस्तावित फोरलेन सड़क को लेकर भले ही सांसद और विधायक के बीच श्रेय लेने की राजनीति जारी हो, लेकिन आखिरकार जमीनी स्तर पर काम की शुरूआत हो गई है। लंबे समय से प्रतीक्षित इस परियोजना का कार्य शुरू होने से क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है। फोरलेन बनने से न केवल यातायात सुगम होगा, बल्कि क्षेत्र के व्यापार, आवागमन और विकास को भी नई गति मिलेगी। राजनीतिक खींचतान अपनी जगह है, लेकिन आम जनता के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण शुरू होना सबसे अहम है, चाहे इसका श्रेय किसी को भी जाए। लोगों ने उम्मीद जताई है कि काम तेजी से और गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाएगा, जिससे आने वाले समय में क्षेत्र को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। फिलहाल राजनीति के शोर के बीच विकास का यह कदम लोगों के लिए राहत और खुशी की खबर बनकर सामने आया है।

# सड़क हादसे में युवक घायल

अमन लेखनी समाचार

माधौगंज, हरदोई। अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को सीएचसी बिलग्राम में इलाज के लिए ले गए जहां से वह घर आ गया घर में अचानक उसकी मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। थाना क्षेत्र के ग्राम हसनपुर ज्योली मजरा चूरा पुरवा निवासी अरविंद कुमार उर्फ अनेश 30 वर्ष पुत्र शिवकरन किसी कार्य से मंगलवार को बिलग्राम गया था। वापस आते समय सदरपुर गंगा एक्सप्रेसवे के अंडरपास के निकट अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गया। बिलग्राम में इलाज करा कर वह घर चला गया घर में ही उसके मौत हो गई। मृतक की शादी की लगभग 6 वर्ष हो गए थे उसके एक बेटी तीन वर्ष वह एक बेटा एक वर्ष का है।

# रॉबर्ट्सगंज पुलिस की बड़ी कार्यवाही, घर में घुसकर चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड

**चोरी के आभूषण व पीतल के बर्तन बरामद 3 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार।**




अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार के व क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा के पर्यवेक्षण में थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। दिनांक 04.05.2026 को पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त एवं वांछित अभियुक्तों की तलाश में मामूर थे। इसी दौरान मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई कि मु0अ0सं0 355/2026 धारा 305(ए) बीएनएस से संबंधित नामजद अभियुक्त प्रिन्स त्रिपाठी उर्फ राजा त्रिपाठी अपने साथियों के साथ ग्राम बहुआर स्थित तालाब के पास चोरी के माल का बंटवारा कर रहे हैं। प्राप्त सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा योजनाबद्ध तरीके से घेराबंदी कर मौके से 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से महिलाओं के आभूषण (पायल व बिछिया) एवं नगद धनराशि बरामद हुई। साथ ही अभियुक्तों की निशानदेही पर नहर पुलिया के पास छिपाकर रखे गए पीतल के बर्तन (बटुआ फूल, कटोरा, परात आदि) भी बरामद किए गए। उपरोक्त अभियोग में धारा 317(2), 329(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी करते हुए अग्रेतर वैधानिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए मा0 न्यायालय भेजे जा रहा है। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों द्वारा स्वीकार किया गया कि उन्होंने अपने अन्य साथी श्वेत पाठक के साथ मिलकर वादी बिजेश्वर तिवारी के घर में रात्रि के समय घुसकर चोरी की थी तथा चोरी का माल आपस में छिपाकर रख लिया था। आज उक्त माल को बांटने एवं बेचने के उद्देश्य से एकत्रित हुए थे, तभी पुलिस टीम द्वारा उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। प्रकरण में अन्य सहअभियुक्त श्वेत पाठक की संलिप्तता प्रकाश में आई है, जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं।

# मान्यता प्राप्त निजी स्कूल एसोसिएशन ने मंडलायुक्त को सौंपा चार सूत्रीय मांग पत्र

**सामाजिक संगठनों व विद्यालय संचालकों ने उठाई जनहित की प्रमुख समस्याएं**



अमन लेखनी समाचार

मिजार्पुर, मंगलवार। जनपद के विभिन्न प्रबुद्ध वर्ग के समाजसेवियों एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने मंगलवार को मंडलायुक्त, विंध्याचल मंडल से मुलाकात कर चार सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने मान्यता प्राप्त विद्यालय संचालकों, एनजीओ, ट्रस्ट संचालकों एवं प्रबुद्ध नागरिकों की ओर से जनहित से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए उनके शीघ्र समाधान की मांग की। मान्यता प्राप्त निजी स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष घनश्याम ओझा ने मंडलायुक्त को सौंपे ज्ञापन में बताया कि मिजार्पुर जनपद को लगभग तीन दशक पूर्व मंडल का दर्जा प्राप्त हुआ, किन्तु आज तक यहां रजिस्ट्रार सोसाइटी एवं चिट फंड कार्यालय की स्थापना नहीं हो सकी है। इसके अभाव में सामाजिक संस्थाओं एवं विद्यालयों को अनेक प्रकार की प्रशासनिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आगे बताया कि निजी विद्यालयों को सामाजिक संस्थान के रूप में मान्यता प्रदान करते हुए उनके विद्युत कनेक्शन को व्यावसायिक से घरेलू/अव्यावसायिक श्रेणी में परिवर्तित किया जाए तथा सोलर ऊर्जा हेतु अनुदान/सब्सिडी उपलब्ध कराई जाए। इसके अतिरिक्त विद्यालयों के वाहनों को कमर्शियल रजिस्ट्रेशन से मुक्त कर विशेष/शैक्षणिक श्रेणी में सम्मिलित करने तथा शिक्षा का अधिकार (फळए) के अंतर्गत लंबित/रुकी हुई अनुदान राशि का शीघ्र भुगतान किए जाने की भी मांग की गई। इस दौरान सभी प्रबुद्ध वर्ग के समाजसेवकों के मार्गदर्शन में डॉ. योगानंद गिरी एवं वरिष्ठ साहित्यकार सलिल पांडेय ने जनपद से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रतिनिधिमंडल ने मंडलायुक्त से उपरोक्त सभी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए शीघ्र आवश्यक कार्यवाही किए जाने का अनुरोध किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से– घनश्याम ओझा (अध्यक्ष, मान्यता प्राप्त निजी स्कूल एसोसिएशन), विश्वजीत दुबे, विजय दुबे, अभिषेक सिंह, सुरेंद्र देव पांडेय, चंद्र प्रकाश सिंह, राजेश्वर तिवारी, शेमफोर्ड स्कूल के डायरेक्टर विवेक बरनवाल, सुनील पांडेय, दिलीप सिंह गहरवार के अलावा दर्जनों पत्रकार, अधिवक्ता, एवं मानवाधिकार के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# ससुराल वालों ने बहू को मारपीट कर घर से निकाला

**बहू ने थाने पर पति सहित 6 लोगों के खिलाफ दिया प्रार्थना पत्र पुलिस जांच में जुटी**

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद /हरदोई पीड़िता शैलजा गुप्ता उम्र 25 वर्ष पुत्री बांकेलाल निवासी ग्राम बिचकूला थाना लोनार जनपद हरदोई ने थाने में शिकायती प्रार्थना पत्र दिया जिसमें उन्होंने बताया की पीड़िता की शादी लगभग 5 वर्ष पूर्व थाना शाहाबाद के मोहल्ला पटकना निवासी नवीन चंद्र गुप्ता पुत्र गंगासागर के साथ हुई थी पीड़िता के एक पुत्री हुई तब ससुराल वाले काफी नाराज हुए थे उसके बाद दूसरी पुत्री होने के बाद से ससुराल वाले लगातार पीड़िता के साथ आए दिन मारपीट करना गाली गलौज करना खाना बनाने में मीन मेख करना कम राशन देकर कहते कि खाना ठीक नहीं बना कई तरीकों से मानसिक उत्पीड़न करते रहे जिसको लेकर पीड़िता ने अपने माता-पिता को कई बार बताया इसके बाद हम दोनों परिवारों के मध्य थाना लोनार और थाना शाहाबाद में कई बार आपसी सुलह समझौता भी हो चुका लेकिन मामला जस का तस रहा दिनांक 10 अप्रैल 2026 को ससुराल वालों ने काफी मारा पीटा और कही दवा नहीं कराई जिस पर मेरे पिता ने हरदोई में इलाज कराया सीटी स्कैन कराया जिसमें काफी चोटों के निशान आए उसके बाद पीड़िता फिर अपनी लोक लज्जा के चलते अपने ससुराल आ गई ससुराल में फिर 2 मई 2026 को समय करीब शाम 4:00 बजे पीड़िता को फिर मारा पीटा जिससे मैने अपने पिता को मायके से बुलाया उसके बाद पीड़िता ने 1090 पर कॉल की और पुलिस आई पुलिस समझाने के बाद चली गई उसके बाद उपरोक्त विपक्षी लोगों ने पुनः मारपीट की उसके बाद पिताजी ने 1090 पर फिर काल की और पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने मुझे ससुराल से सकुशल उन्हीं कपड़ों में मेरे माता-पिता के साथ भेज दिया मेरे पास कोई भी किसी प्रकार का कोई सामान व जेवर तथा अन्य कपड़े नहीं थे जो मैं कपड़े पहनी थी उन्हीं कपड़ों में अपने माता-पिता के साथ अपने मायके चली गई लेकिन उसके बाद भी उपरोक्त ससुराल वालों ने हाल खबर नहीं लिया जिस पर आज दिनांक 5 मई 2026 को पीड़िता अपनी मां पिता भाई के साथ कोतवाली शाहाबाद पहुंचकर प्रभारी निरीक्षक अरविंद राय को आप बीती सुनाई पीड़िता शैलजा गुप्ता ने जो प्रार्थना पत्र दिया उसमें अपने पति नवीन चंद्र पुत्र गंगासागर गंगासागर पुत्र हीरालाल रमाकांती पत्नी गंगासागर शिल्पी पुत्री गंगासागर नीरज पुत्र गंगासागर ममता पुत्री नीरज के खिलाफ थाने में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की जिस पर प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय ने जांच कर तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए

# फेसबुक आईडी से अपमानजनक टिप्पणी करने वालों पर कब होगी करवाई

**एक ही गांव के दो युवक कर रहे हैं गलत कार्य**

अमन लेखनी समाचार



चित्रकूट। जनपद में फेसबुक आईडी से कई लोगों का अपमान हो रहा है तथा मानसिक तनाव दिया जा रहा है। कहा जा रहा है कि जिस नाम आईडी से गलत टिप्पणी की जाती है उसकी आईडी किसी ने हैक कर लिया है। जैसे महंत भरत दास की फेसबुक आईडी से कई लोगों के मान सम्मान को ठेस पहुंचाया गया लेकिन बाबा का कहना मेरी आईडी किसी ने हैक कर लिया। एक तरफ पत्रकारों द्वारा समस्या व खराब स्थितियों पर खबर चलाने पर फेसबुक से अपमानजनक बातें लिखी जा रही हैं। आखिर ऐसे मामलों को पुलिस साइबर क्राइम में भेजा जाए तो उनको जांच करके उचित कार्रवाई करना उनकी पहल है। चर्चित लुटेरी दुल्हन गैंग के बारे में खबर लिखने पर एक मेल आईडी से पत्रकार को अपमानजनक शब्द लिखे गए। फेसबुक आईडी में नंशू पाल186@जीमेल.कॉम से सैफ खान, मोहम्मद शेख हबीब के नाम से लोगों को गुमराह किया जा रहा है तथा अपमानजनक शब्द लिखे जा रहे हैं जिससे लोगों के मान-सम्मान को छति पहुंचती है व टेंशन होता है। एक तरफ पूछने पर सैफ खान के बड़े भाई सद्दाम खान ने कहा कि हमारे घर में तीन फेसबुक आईडी हैक करके कोई गलत काम कर रहा है। आखिर यह फर्जी आईडी का खेल खेलने वालों की पकड़ साइबर क्राइम कैसे करेगी जिससे लोगों को देश को गुमराह करने का मुकदमा लगाना चाहिए। एक तरफ सैफ खान मोहन खान का लड़का है जो की लुटेरी दुल्हन गैंग में फर्जी आधार कार्ड व फर्जी सिम यानी कि दूसरे नाम की कई सिम जारी किया हुआ है जिससे यह लोग अच्छे अच्छों को गुमराह कर रहे हैं। लुटेरी दुल्हन अनीता पाल का इकलौता लड़का नंशू पाल है पर मां चरित्रहीन व देह व्यापार फर्जी शादी करके लोगों के गहने पैसों को लूटकर धन इकट्ठा करके बच्चे को पढ़ा रही है। कहते हैं बुरे काम का बुरा नतीजा होता है और लड़का ही आज पढ़ाई करते हुए फेसबुक में फर्जी आईडी से मां के गैंग के खिलाफ लोगों को गुमराह कर अपमानजनक बातें फर्जी आईडी से लिख रहा है। फेसबुक एक ऐसा प्लेटफार्म है जिस पर अच्छे पोस्ट को वरीयता दी जाती है लेकिन यदि कोई नेता मंत्री को कोई धमकी देता है तो पुलिस तुरंत पकड़ लेती है चाहे वह मुंबई में बैठा हो लेकिन आज कल चित्रकूट जिला में फरजी व वास्तविक फेसबुक आईडी से लोगों के मान सम्मान को ठेस पहुंचाने वाले लोगों पर जांच बिठाकर के एसपी साहब को कार्रवाई करवाना चाहिए।

# मानव तस्करी/पॉक्सो एक्ट मामले में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में जनपद में मानव तस्करी एवं पॉक्सो एक्ट जैसे गंभीर अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के निर्देशन मे एवं क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर कुमार मिश्र के कुशल पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक थाना रॉबर्ट्सगंज के नेतृत्व में थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई। थाना रॉबर्ट्सगंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0-177/2026 धारा 137(2), 143(4), 61(2), 351(3) 64(2)ट बीएनएस तथा धारा 16/17 व 5छ/6, 5ख(2)/6 पॉक्सो एक्ट से संबंधित प्रकरण में वांछित अभियुक्त राहुल कुमार पुत्र अशोक कुमार उपाध्याय निवासी पक्की सराय, थाना सासनी गेट, जनपद अलीगढ़ को दिनांक 04.05.2026 को रेलवे स्टेशन रॉबर्ट्सगंज के सकुर्लेटिंग एरिया से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा जनपद अलीगढ़ में दबिश दी गई थी, किन्तु अभियुक्त लगातार फरार चल रहा था। तत्पश्चात मुखबिर की सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है।

पूछताछ के दौरान अभियुक्त द्वारा बताया गया कि उसने सहअभियुक्तों के माध्यम से पीड़िता को लगभग 1,20,000 में खरीदकर उससे विवाह किया तथा उसके साथ शारीरिक संबंध स्थापित किए, जिसके परिणामस्वरूप पीड़िता गर्भवती हो गई। घटना के बाद अभियुक्त गिरफ्तारी से बचने हेतु लगातार फरार चल रहा था।

# एसएसपी ने धर्मशाला तिराहा का किया निरीक्षण



**यातायात व्यवस्था सुधारने के दिए सख्त निर्देश**

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। शहर में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ और सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने थाना गोरखनाथ क्षेत्र के अंतर्गत स्थित व्यस्ततम धर्मशाला तिराहा का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौके पर ट्रैफिक व्यवस्था, जाम की स्थिति, वाहनों के आवागमन तथा यातायात पुलिस की तैनाती का बारीकी से जायजा लिया। एसएसपी ने तिराहे पर लगने वाले जाम के कारणों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए ठोस और प्रभावी कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि चौराहे पर अनावश्यक रूप से खड़े वाहनों को हटाया जाए, अवैध पार्किंग पर सख्त कार्रवाई की जाए और सड़क किनारे अतिक्रमण को तत्काल हटवाया जाए, ताकि आवागमन में बाधा न उत्पन्न हो। उन्होंने यातायात पुलिस को निर्देशित किया कि पीक आवर्स के दौरान अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए तथा ट्रैफिक सिग्नल और बैरिकेडिंग का सही ढंग से उपयोग किया जाए।

**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982


E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

# कोई बना स्टैच्यू, किसी ने नंगे पैर की शिरकत

## मेट गाला में पहुंचे कैटी -मेडोना से लेकर रिहाना तक कई सेलेब्स

*लॉस एंजिल्स। 78वें मेट गाला में दुनिया भर की तमाम दिग्गज हस्तियों का जमावड़ा लगा। इस दौरान कैटी पेरी और टेयाना टेलर से लेकर बियान्से, मैडोना, किम कार्दशियन, निकोल किडमैन, केंडल जेनर और सबरीना कारपेंटर जैसे कई सेलेब्स के नाम शामिल हैं। इस दौरान कैटी पेरी जहां एस्ट्रोनॉट वाले लुक में पहुंची, वहीं डोएची और हैदी क्लैम जैसे कई अन्य सितारों के आउटफिट ने भी लोगों का ध्यान खींचा।*

### सोने की साड़ी, मैंगो पर्स, ईशा ने अपने लुक से किया अट्रेक्ट



ईशा अंबानी पिछले कई साल से मेट गाला में हिस्सा ले रही है। इस बार भी ईशा मेटा गाला में अपने लुक को लेकर चर्चा में आ गई हैं। उन्होंने इस फैशन इवेंट में सोने की साड़ी, गजरा और मैंगो पर्स लेकर सभी को अट्रैक्ट किया है। सोने सी दमकती साड़ी, हाथों में सजा गजरे साथ कैरी किया गया अनोखा मैंगो-शेप्ड पर्सउनके लुक में चार चांद लगा रहा. ईशा अंबानी का यह पूरा लुक रॉयल लेकिन बेहद सॉफ्ट और ग्रेसफुल था। उनके इस लुक में हर छोटी-बड़ी डिटेल बेहद सोच-समझकर चुनी गई थीचाहे वह साड़ी का टेक्सचर हो, ज्वेलरी का सिलेक्शन या फिर कैरी किया गया मैंगो पर्स।

### अनन्या ने लाइमलाइट बटोरी

अनन्या बिड़ला ने मेट गाला 2026 में अपने डेब्यू से धूम मचा दी। उनका स्टाइलिश अंदाज इंटरनेट पर छाया हुआ है। बता दें कि इस बार इवेंट का थीम 'फैशन इज आर्ट' था। अनन्या बिड़ला फेमस डिजाइनर रॉबर्ड वुन के आउटफिट को स्टाइल किया था। ऑल-ब्लैक गाउन के साथ ब्लू का कॉम्बिनेशन काफी शानदार लग रहा है और उनके लुक को क्लासी बना रहा था। उन्होंने मैटेलिक मास्क के साथ अपने लुक को पूरा किया, जो उनके लुक की हाईलाइट बना। इस मास्क की वजह से उनका लुक अलग स्टैंडआउड कर गया और काफी वायरल हो रहा है। अनन्या बिड़ला के काम के साथ उनका स्टाइलिश अंदाज भी काफी चर्चा में रहता है।



**कैटी** : अमेरिकी गायिका कैटी पेरी मेट गाला 2026 की रेड कार्पेट पर बिल्कुल अलग अंदाज में पहुंचीं। सफेद रंग के आउटफिट में कैटी पेरी ने चेहरे पर एक अजीब तरह का मास्क लगाया हुआ था, जो एस्ट्रोनॉट जैसा लुक दे रहा था।

**टेयाना टेलर** : एक्ट्रेस टेयाना टेलर ने 2026 मेट गाला में खास सिल्वर फ्रिंज गाउन पहना था। फर्श तक लंबा यह गाउन पूरी तरह से लंबे, चमकदार मेटैलिक सिल्वर फ्रिंज से ढका हुआ है। इस लुक की खासियत एकइं टीग्रेटेड फ्रिंज हुड है, जो उनके बालों को ढकता है और उनके चेहरे पर आता है।

**बियान्से** : सिंगर-एक्ट्रेस बियान्से मेट गाला में नेक्ड स्कल्टन आउटफिट में पहुंचीं। स्किन कलर के मेश गाउन को चमकदार क्रिस्टल और हीरों से सजाया गया है। इसके ऊपर एक विशाल, रंगीन पंखों वाला कोट है।

**रिहाना** : सिंगर रिहाना ने ग्लेन मार्टेंस द्वारा डिजाइन किए गए इस खास मेसन मार्जिएला आर्टिसनल लुक में 2026 मेट गाला के रेड कार्पेट पर पहुंचीं। इस लुक की सबसे आकर्षक विशेषता उनके कंधों पर लिपटा हुआ गहरे रंग के इस झुर्रीदार कपड़े को एक फोटो फ्रेम की तरह बनाया गया है।

**किम कार्दशियन** : किम कार्दशियन के 2026 मेट गाला के आउटफिट को चमड़े के कारीगरों के अनूठे सहयोग से डिजाइन किया गया। इसका मुख्य आकर्षण एक चमकदार, नारंगी रंग का फाइबरग्लास बॉडीसूट है। इसमें नीचे लेदर की स्कर्ट है।

**डोएची** : अमेरिकी रैपर-सिंगर डोएची के आउटफिट ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। वो एक बरगंडी रंग के कस्टम आउटफिट में रेड कार्पेट पर पहुंचीं। यह एक बेहद पतला, बहने वाला बरगंडी रैप ड्रेस है जिसमें एक कट-आउट बॉडीस है और एक बोल्ड लेग स्प्लिट है। उन्होंने ड्रेस के साथ एक बड़ा, मैचिंग बरगंडी टर्बन या हेड रैप पहना था। सबसे खास बात यह है कि डोएची ने रेड कार्पेट पर नंगे पैर चलना चुना।

**मैडोना** : अमेरिकी सिंगर-एक्ट्रेस मैडोना का लुक भी ध्यान आकर्षित करने वाला रहा। एक लंबी काली सेमी-शीर आउटफिट के साथ एक बड़े ग्रे कलर रंग का पारदर्शी घूंघट है जो उनके चारों ओर फैला हुआ है। इसके साथ उन्होंने एक काली टॉप हैट पहनी है, जो एक ऊंचे, विस्तृत मूर्तिकलानुमा हेडपीस का आधार है।



**जेनेल मोने** : सिंगर-रैपर व एक्ट्रेस जेनेल मोने मेट गाला की रेड कार्पेट पर अनोखे आउटफिट में पहुंचीं। उन्होंने एक अनोखा गाउन पहना, जो प्रकृति और टेक्नोलॉजी को दिखाता है। इस फ्लोर-लेंथ गाउन को असली बिजली के केबल, कंप्यूटर वायरिंग और सर्किट बोर्ड और मदरबोर्ड के कंस्ट्रक्टेड टुकड़ों का उपयोग करके बनाया गया था। इसमें आठ पौधे और असली काई के पैच शामिल थे।



### हॉलीवुड मसाला




## फिल्ममेकिंग करना चाहती हैं

लॉस एंजिल्स। न्यूयॉर्क में आयोजित मेट गाला 2026 में वैसे तो रिहाना से लेकर काइली जेनर और ईशा अंबानी से सबरीना कारपेंटर तक सब पहुंचे, लेकिन अपनी खूबसूरती के कारण मजमा लूट ले गई निकोल किडमैन की बेटी। 17 साल की संडे रोज को देख हर कोई फिदा है। संडे रोज अभी तक फिल्मी दुनिया का पूरी तरह से हिस्सा नहीं बनी हैं। एक इंटरव्यू में संडे रोज ने बताया था कि वह आगे फिल्ममेकर बनना चाहती हैं। उन्होंने कहा, 'असल में 5 साल की उम्र से ही फिल्ममेकिंग मेरा सपना रहा है।




## क्रिस्टोफर की द ओडिसी का नया ट्रेलर रिलीज...

लॉस एंजिल्स। क्रिस्टोफर नोलन की फिल्म द ओडिसी का नया ट्रेलर जारी हो गया है। इसमें मैट डेमन को ओडीसियस के रूप में दिखाया गया है और ट्रोजन युद्ध के बाद उनकी खतरनाक घर वापसी की यात्रा को करीब से देखा जा सकता है। यूनिवर्सल पिक्चर्स की यह फिल्म 17 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ट्रेलर में ओडीसियस को इथाका राज्य लौटने की कोशिश करते हुए दिखाया गया है, जहां उनकी पत्नी पेनेलोप (ऐनी हैथवे द्वारा अभिनीत) और उनके बेटे टेलीमाकस (टॉम हॉलैंड द्वारा अभिनीत) पर खतरा बढ़ता जा रहा है। फिल्म ग्रीक पौराणिक कथा के नायक ओडीसियस की कहानी पर आधारित है। इस किरदार को मैट डेमन ने निभाया है। ट्रेलर में ग्रीक हीरो को लंबी, टॉर्चर और फिक्शनल घर वापसी की यात्रा पर दिखाया गया है।



## इरफान-विद्या की फिल्म द लास्ट टेनेंट...

**मुंबई।** करीब 25 साल पुरानी एक फिल्म आखिरकार अब यूट्यूब पर रिलीज कर दी गई है। इस फिल्म में दिवंगत अभिनेता इरफान खान और विद्या बालन एक साथ नजर आते हैं। ये फिल्म उस समय कुछ कारणों से रिलीज नहीं हो पाई थी, लेकिन हाल ही में इसे यूट्यूब पर रिलीज कर दिया गया है। दिवंगत एक्टर इरफान खान अपनी शानदार एक्टिंग के लिए जाने जाते हैं, वहीं विद्या बालन भी बॉलीवुड में कई शानदार फिल्में कर चुकी हैं। इन दोनों की फिल्म, जो 25 साल पहले शूट हुई थी। उसे मंगलवार को आखिरकार रिलीज कर दिया गया है। फिल्म का नाम 'द लास्ट टेनेंट'है। यह फिल्म विद्या बालन के करियर के शुरुआती दौर की है, जिसे काफी समय पहले शूट किया गया था। मूवी किसी वजह से रिलीज नहीं हो पाई और करीब दो दशकों से ज्यादा समय तक बंद पड़ी रही।



## धमाल मचाने को तैयार सूर्या और तृषा

**नई दिल्ली।** सूर्या की आगामी फिल्म 'करुप्पु' ने अपनी सेंसर प्रक्रिया पास कर ली है और इसे पास कर दिया गया है। यह फिल्म 14 मई को रिलीज होने जा रही है। सेंसर बोर्ड से हरी झंडी मिलने के बाद यह फिल्म अपने तय समय पर रिलीज को तैयार है। इसमें सूर्या के साथ तृषा की जोड़ी जमेगी। आरजे बालाजी द्वारा निर्देशित एक्टर सूर्या की फिल्म 'करुप्पु' एक एक्शन ड्रामा मूवी है। यह वर्ल्डवाइड रिलीज होगी। सेंसर प्रक्रिया से गुजरने के बाद फिल्म को 'U/A' सर्टिफिकेट मिल गया है। फिल्म के टीजर और अन्य प्रमोशनल वीडियो ऑनलाइन रिलीज होने के बाद से ही इसने लोगों में काफी दिलचस्पी जगाई है। इस फिल्म में अभिनेत्री तृषा फीमेल लीड रोल कर रही हैं। वे एक वकील की भूमिका निभा रही हैं। इसमें उनका नाम प्रीति है।

### टीवी मसाला



## राकेश और दिलीप के साथ पोज देते हुए नजर आए मंदार

**नई दिल्ली।** मशहूर टीवी सीरियल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में भिड़े मास्टर का रोल करने वाले अभिनेता मंदार चांदवडकर ने दिग्गज कलाकार राकेश बेदी और दिलीप जोशी के साथ अपनी एक खास तस्वीर शेयर की। इसी के साथ उन्होंने दोनों को 'धुरंधर' और लीजेंड अभिनेता बताया है। मंदार चंदवाद्कर ने राकेश बेदी और दिलीप जोशी के साथ अपनी एक खास तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर की है। राकेश बेदी हाल ही में 'धुरंधर' फिल्म में जमील जमाली का रोल करके चर्चा मे बने हुए हैं। वहीं दिलीप जोशी 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' शो में जेठालाल गड़ा का किरदार निभाया है। तीनों में काफी अच्छी दोस्ती है।मंदार चंद्वादकर ने इंस्टाग्राम पर अपने दोस्तों संग इस खास तस्वीर को शेयर किया। इसी के साथ मंदार ने कैप्शन में लिखा, 'धुरंधर 1' और 'धुरंधर 2' के साथ, इन दो दिग्गजों के साथ स्क्रीन पर काम करना बहुत खुशी और मजेदार अनुभव रहा। भगवान का शुक्रिया।' इन तीनों की तस्वीरों पर फैंस जमकर प्यार बरसा रहे हैं। दर्शकों के बीच लोकप्रिय शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' भारत के ज्यादातर घरों में देखा जाता है। यह एक कॉमेडी और फैमिली ड्रामा टीवी शो है। यह शो मुंबई की गोकुलधाम सोसाइटी में रहने वाले परिवारों की मस्ती और रोजमर्रा की जिंदगी पर आधारित है। मंदार चांदवडकर सिर्फ टीवी शो ही नहीं बल्कि थिएटर में भी अच्छा काम करते हैं। उन्होंने अपना खुद का थिएटर ग्रुप बनाया है। वह कई हिंदी-मराठी नाटकों में अभिनय और निर्देशन किया है। उन्होंने 30 से ज्यादा टीवी सीरियल्स में भी काम किया है।

### एक्टिंग छोड़कर अब चुना अध्यात्म का रास्ता

**नई दिल्ली।** टीवी की अभिनेत्री रहीं एना जयसिंघानी इन दिनों चर्चा में हैं। हाल ही में उन्होंने अपने बारे में अहम खुलासा किया है।जयसिंघानी ने अपने करियर की शुरुआत एकता कपूर के शो से की थी। बाद में उन्होंने इंडस्ट्री छोड़ दी। अब उन्होंने अध्यात्म का रास्ता चुन लिया है। वह वृंदावन में भगवान कृष्ण की भक्ति में लीन हैं। अन्ना जयसिंघानी एक पूर्व टेलीविजन अभिनेत्री और कोरियोग्राफर हैं। उन्होंने अपनी अभिनय की ट्रेनिंग बालाजी टेलीफिल्म्स से ली थी। यह एकता कपूर का प्रोडक्शन हाउस है। अन्ना को 'देखा एक ख्वाब' जैसे सीरियल्स से काफी शोहरत मिली। वह 'सावधान इंडिया' और 'क्राइम पेट्रोल' जैसे क्राइम-बेस्ड शो में भी नजर आ चुकी हैं। इन शो की मदद से टीवी की दुनिया में उनके करियर को एक नई उड़ान मिली। मध्य प्रदेश के ग्वालियर से ताल्लुक रखने वाली एना ने हाल ही में यूट्यूब चैनल मेरो वृंदावन के साथ बातचीत में बताया कि उन्होंने अपना जीवन कृष्ण भक्ति को समर्पित कर दिया है।



## विक्की बनेंगे चौथे इडियट! 10 साल आगे बढ़ेगी कहानी

**मुंबई।** भारतीय सिनेमा के इतिहास की सबसे पसंदीदा फिल्मों में से एक को आखिरकार सीक्वल मिल रहा है और इसके साथ ही इसकी कास्ट में एक बड़ा नया नाम जुड़ सकता है। हाल ही में आई खबरों के अनुसार, राजकुमार हिरानी की 2009 की ब्लॉकबस्टर फिल्म '3 इडियट्स' के सीक्वल '4 इडियट्स' में शामिल होने के लिए विक्की कौशल से बातचीत चल रही है। एक्टर को चौथे इडियट के रोल के लिए चुना जा रहा है, जिसके बाद वह आमिर खान, आर. माधवन और शरमन जोशी के साथ जुड़ेंगे। यह बॉलीवुड के इतिहास में सबसे बड़ी कास्टिंग में से एक साबित हो रही है। विक्की कौशल से न केवल इस रोल के लिए संपर्क किया गया है, बल्कि उन्होंने इसमें इंट्रेस्ट भी दिखाया है। उम्मीद है कि उनका किरदार कहानी में एक नया इमोशनल फैक्टर जोड़ेगा और केमिस्ट्री को और मजबूत करेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि विक्की कौशल आमिर खान के साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं और उस मशहूर फिल्म का हिस्सा बनना चाहते हैं जिसे हर कोई याद रखता है। जिन लोगों को जानकारी नहीं है, उन्हें बता दें कि विक्की कौशल इससे पहले निर्देशक राजकुमार हिरानी के साथ 'संजू' (2018) और 'डंकी' (2023) दोनों फिल्मों में काम कर चुके हैं। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि बातचीत शुरुआत के फेज से काफी आगे बढ़ चुकी है, क्योंकि कई मीटिंग्स हो चुकी हैं और विक्की कौशल ने इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने की इच्छा जताई है। गौरतलब है कि '4 इडियट्स' के लिए पूरी तरह से श्योर होने से पहले, विक्की कौशल को 'महावतार' पर अपना काम पूरा करना होगा, जिसके लिए एक शूटिंग शेड्यूल की जरूरत है और जिसकी शूटिंग जल्द ही शुरू होने वाली है। इसके अलावा, रिपोर्ट में कहा गया है कि फिल्म पर काम लगातार जारी है। डायरेक्टर राजकुमार हिरानी अपने लंबे समय के सहयोगी और लेखक अभिजात जोशी के साथ कहानी पर काम कर रहे हैं। '4 इडियट्स' पर काम 2027 से शुरू होने की उम्मीद है।




### 4 इडियट्स की क्या होगी कहानी?

आमिर खान ने हाल ही में अमर उजाला को दिए एक इंटरव्यू में इस प्रोजेक्ट की आधिकारिक पुष्टि की। आमिर खान ने खुद कहानी के बारे में एक अहम जानकारी देते हुए बताया कि यह फिल्म '3 इडियट्स' के अंत से दस साल आगे की कहानी है। इस समय के गैप में यह दिखाया जाएगा कि बीते साल में इन किरदारों में क्या बदलाव आए हैं, साथ ही नए संघर्ष और चुनौतियां भी सामने आएंगी। बताया जा रहा है कि आमिर '4 इडियट्स' पर काम शुरू करने से पहले एक और फिल्म पूरी कर रहे हैं, ताकि उनकी फिल्म बाकी कलाकारों के साथ तालमेल बिठा सके।

## भूतिया महल की कहानी को लेकर लौटे मिमोह, हॉन्टेड 3डी का टीजर आउट...

**मुंबई।** 1920 और शापित जैसी हॉरर फिल्मों के लिए मशहूर फिल्म निर्माता-निर्देशक विक्रम भट्ट की 'हॉन्टेड 3डी एकोस ऑफ द पास्ट' का टीजर रिलीज कर दिया गया है। यह एक हॉरर फिल्म है। इसके साथ ही निर्माताओं ने अपनी नई हॉरर फिल्म 'हॉन्टेड 3डी' की रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया है। फिल्ममेकर्स ने आज 5 मई मंगलवार को फिल्म 'हॉन्टेड 3डी' का टीजर रिलीज कर दिया है। 'हॉन्टेड 3डी' के टीजर की शुरुआत एक कार में सुनसान सड़क पर मिमोह चक्रवर्ती को गाड़ी में बैठे दिखाया जाता है, जिसका यह सफर एक महल पर जाकर रुकता है। महल में पहुंचते ही कुछ अजीब घटनाएं होनी शुरू हो जाती हैं, जिसके बाद चेतना पांडे की एंट्री होती है। टीजर में रहस्यों से पर्दा नहीं उठाया गया है, लेकिन कई सींस देखने में बेहद डरावने और रोंगटे खड़े करने वाले हैं। निर्देशक विक्रम भट्ट की फिल्म 'हॉन्टेड 3डी एकोस ऑफ द पास्ट' 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म को हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषा में रिलीज किया जाएगा। पहले यह फिल्म 21 नवंबर, 2025 को रिलीज होने वाली थी, लेकिन फिल्म की रिलीज को बदलकर 30 जनवरी 2026 और फिर 6 फरवरी 2026 तक टाल दिया गया। अब मेकर्स ने फिल्म को 12 जून को रिलीज करने का फैसला किया है। 'हॉन्टेड 3डी' में मिमोह चक्रवर्ती और चेतना पांडे मुख्य भूमिका में हैं। इन दोनों के अलावा फिल्म में श्रुति प्रकाश, गौरव बाजपेयी, प्रणीत भट्ट और हेमंत पांडे हैं।



### धमाकेदार है ये वीक, लुक्खे से डकैत तक

# ओटीटी पर दस्तक देंगी ये रोमांचक फिल्में और सीरीज

*नई दिल्ली। बीते हफ्ते सिनेमाघरों में कई फिल्में रिलीज हुईं। इनमें 'राजा शिवाजी' सबसे ज्यादा चर्चा बटोर रही है। इसके अलावा रोमांटिक फिल्म 'एक दिन' ने भी दस्तक दी। वहीं, ओटीटी पर भी बीता वीक कम दिलचस्प नहीं रहा। हालांकि, घर बैठे कुछ दिलचस्प देखने वालों के लिए यह वीक भी निराश नहीं करेगा।*

#### लुक्खे सीरीज



वेब सीरीज 'लुक्खे' इस वीक रिलीज हो रही है। यह एक म्यूजिक क्राइम-सस्पेंस सीरीज है। इसमें राशि खन्ना, पलक तिवारी, किंग जैसे सितारे हैं। किंग इसके जरिए एक्टिंग डेब्यू कर रहे हैं। राशि खन्ना खाकी वर्दी पहने नजर आएंगी। वे पुलिस ऑफिसर गुरबानी का रोल निभा रही हैं। क्राइम, ड्रग्स, म्यूजिक और बदले की भावना पर आधारित इस सीरीज में एक्शन भी भरपूर है। इसका निर्देशन हिमांक गौर ने किया है। वेब सीरीज 'लुक्खे' 08 मई को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

#### डकैत



सिनेमाघरों के बाद फिल्म 'डकैत अब ओटीटी पर आ रही है। आदिवी शेष और मृणाल ठाकुर की यह एक्शन-थ्रिलर फिल्म है। यह फिल्म 8 मई 2026 से प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। यह फिल्म 10 अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। मगर, 'धुरंधर 2' और 'भूत बंगला' जैसी फिल्मों के सामने टिक नहीं पाई।

#### लव इंश्योरेंस कंपनी



यह तमिल रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। 10 अप्रैल 2026 को यह सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब तमिल, हिंदी, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आएगी। 6 मई 2026 से यह प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।

#### वाझा 2



मलयालम फिल्म वाझा 2 सिनेमाघरों में शानदार प्रदर्शन के बाद अब ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है। 2 अप्रैल 2026 को रिलीज हुई इस फिल्म ने 200 करोड़ क्लब में एंट्री ली है। दर्शकों से इसे खूब प्यार मिला। सविन एसए के निर्देशन में बनी यह एक कॉमेडी-ड्रामा फिल्म है। यह साल 2024 की हिट फिल्म का सीक्वल है। 08 मई से वाझा 2 को जियो हॉटस्टार पर देखा जा सकता है। यह फिल्म चार दोस्तों के जीवन पर आधारित है।